प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



प्रधानमंत्री का शायराना अंदाज़ और निशाने पर विपक्ष पेज- 2

अप्रेन्टिशिप मेला नौ को पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 49 | शनिवार 07 फरवरी, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## परीक्षा पे चर्चा, छात्रों से बोले प्रधानमंती मोदी- सिर्फ अंकों पर नहीं

### – जीवन को बेहतर बनाने पर भी ध्यान दें

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को अपने जीवन एवं शैक्षणिक कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित की सलाह देते हुए शुक्रवार को कहा कि देश में डेटा सस्ता होने का मतलब यह नहीं है कि वे इंटरनेट पर समय बर्बाद करें। प्रधानमंत्री मोदी ने श्परीक्षा पे चर्चा 2026श के नौवें संस्करण में छात्रों से कहा कि शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए और सभी को पूरी लगन से पढ़ना चाहिए क्योंकि आधे–अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती। उन्होंने यहां अपने आवास पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थियों के एक समूह से कहा, श्हमारा लक्ष्य ऐसा होना चाहिए जो पहुंच के भीतर हो लेकिन आसानी से प्राप्त होने वाला न हो। पहले मन को साधो, फिर मन को जोड़ो और फिर जिन विषयों की पढ़ाई करनी है,



उन्हें सामने रखो। तब आप हमेशा छात्र को सफल पाएंगे। मोदी ने छात्रों को मनोरंजन के लिए गेम खेलने में समय बर्बाद नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, आपकी गेमिंग में रुचि है लेकिन भारत में डेटा सस्ता है तो सिर्फ समय काटने के लिए इसमें लिप्त मत होइए। इसे मनोरंजन के लिए मत करिए। जो लोग पैसे कमाने के लिए गेमिंग में लिप्त होते हैं, उनका ही नुकसान होता है। हमें देश में जुए को बढ़ावा नहीं देना है। मैंने ऑनलाइन जुए के खिलाफ कानून बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गेमिंग एक कौशल है क्योंकि इसमें काफी गति होती है और इसका उपयोग सतर्कता परखने तथा आत्म–विकास के लिए किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि हर किसी का कार्य करने का अपना अलग तरीका या शैली होती है। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री बन गया हूं। फिर भी, लोग मुझे सलाह देते हैं कि अलग तरीके से काम करो लेकिन हर किसी की अपनी कार्य–शैली होती है।कुछ लोग सुबह बेहतर पढ़ते हैं, कुछ रात में। जो भी आपको सही लगे, उस पर विश्वास करें लेकिन सलाह भी लें और अगर उससे आपको फायदा हो, तो ही उसे अपनी जीवनशैली में शामिल करें। मोदी ने कहा कि उन्होंने भी परीक्षा पे चर्चा में कुछ बदलाव किए हैं, लेकिन अपनी मूल शैली को नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा, जब मैंने परीक्षा पे चर्चा शुरू की थी, तब एक तय तरीका था। अब धीरे–धीरे मैं इसे बदल रहा हूं। इस बार मैंने इसे अलग–अलग राज्यों में भी किया। मैंने अपना तरीका तो बदला, लेकिन मूल शैली को नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि शिक्षक का प्रयास यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि उसकी अपनी गति छात्र की गति से एक कदम आगे हो। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई, आराम, कौशल और शौक के बीच संतुलन बनाने की सलाह देते हुए कहा कि यही विकास की कुंजी है। उन्होंने कहा, दो तरह के कौशल होते हैंरू जीवन कौशल और पेशेवर कौशल। मैं कहता हूं, दोनों साथ–साथ चलते हैं। इसलिए, कौशल की शुरुआत ज्ञान से होती है। मोदी ने बताया कि एक नेता ने उनके जन्मदिन पर उन्हें फोन कर कहा था, आपने 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं, 25 अभी शेष हैं। उन्होंने कहा, लेकिन मैं अतीत नहीं गिनता। मैं यह गिनता हूं कि कितना शेष है। इसलिए मैं आपसे कहता हूं, अतीत के बारे में मत सोचें। जो सामने है, उसे जीने की कोशिश करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए और हर किसी को पूरी लगन से इसमें जुटना चाहिए, क्योंकि आधे–अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती। उन्होंने कहा, इसीलिए हमें सिर्फ अंकों पर ही ध्यान नहीं देना चाहिए, बल्कि जीवन में सुधार पर ध्यान देना चाहिए। यह कक्षाओं और परीक्षाओं से आगे की बात है।

## तेल और गैस ब्लॉक की नीलामी की समयसीमा चौथी बार बढ़ी

(एजेंसी) नई दिल्ली। सरकार ने भारत के सबसे बड़े तेल और गैस क्षेत्रों की पेशकश के लिए बोलियां जमा करने की समयसीमा चौथी बार बढ़ा दी है। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के अनुसार, संभावित निवेशकों को अब तीन महीने का अतिरिक्त समय दिया गया है। डीजीएच ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ओएएलपी (मुक्त क्षेत्र लाइसेंसिंग नीति) के 10वें दौर के लिए बोली जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 29 मई, 2026 कर दी गई है। हालांकि, डीजीएच ने विस्तार का कोई कारण नहीं बताया लेकिन उद्योग जगत के सूत्रों का कहना है कि यह निर्णय तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक पारित होने के बाद तैयार किए गए नए उदार नियमों का अध्ययन करने के लिए निवेशकों को समय देने के उद्देश्य से लिया गया हो सकता है। ओएएलपी का 10वां दौर नयी दिल्ली में इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू) 2025 के दौरान फरवरी में शुरू किया गया था। शुरुआत में इसे जुलाई के अंत में बंद होना था। इसके बाद, जुलाई के अंत में इसकी समयसीमा बढ़ाकर 31 अक्टूबर और फिर 31 दिसंबर, 2025 कर दी गई थी। बाद में ओएएलपी–10 के लिए बोली की समयसीमा 18 फरवरी, 2026 तक बढ़ाई गई थी। हालांकि, खोज गए छोटे क्षेत्रों (डीएसएफ) के लिए चौथे दौर और विशेष कोल–बेड मीथेन (सीबीएम) दौर के तहत बोलियां जमा करने की समयसीमा 18 फरवरी, 2026 पर ही बरकरार है। ओएएलपी–10 के तहत, तेल और गैस की खोज व उत्पादन के लिए कुल 1,91,986 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र वाले 25 ब्लॉक बोलीदाताओं के लिए पेश किए गए हैं।

## प्रधानमंती ने राज्यसभा में 97 मिनट भाषण दिया

### लेकिन ट्रंप के दावों पर चुप्पी साधे रहे : कांग्रेस

(एजेंसी) नई दिल्ली। अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए 97 मिनट तक बोले लेकिन उन्होंने अपने मित्र (अमेरिका के राष्ट्रपति) डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे पर चुप्पी साधे रखी कि भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष उनके हस्तक्षेप से रुका था। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कई बार यह दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव को समाप्त कराया। ट्रंप ने पहली बार पिछले साल 10 मई को सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि अमेरिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान सैन्य टकराव को पूर्ण रूप से और तत्काल रोकने पर सहमत हुए। हालांकि, भारत ने स्पष्ट किया है कि पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) के संपर्क करने के बाद सैन्य टकराव रोकने पर विचार किया गया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच श्एक्सश पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री ने कल शाम राज्यसभा में एक बार फिर यह



दिखा दिया कि उनके भीतर असुरक्षाओं का कितना बड़ा पुलिंदा है, वह किस तरह लगातार झूठ फैलाते हैं, उनके पास पूर्वाग्रहों का कितना बड़ा भंडार है और उनके भीतर कितनी कड़वाहट, विष एवं जहर भरा हुआ है। एक बात बिल्कुल साफ है कि वह चाहे खुद को कितना ही महान आदमी घोषित करते रहें, जितना ज्यादा वह ऐसा करेंगे, उतना ही स्पष्ट होता जाएगा कि वह न तो अच्छे आदमी हैं और न कभी हो सकते हैं। उन्होंने कहा, उनके 97 मिनट के भाषण को दयनीय कहना भी एक बहुत हल्का आकलन होगा। वह अपनी ही निजी नफरतों के कैदी हैं। उन्होंने राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा उठाए गए किसी भी गंभीर सवाल का जवाब नहीं दिया। रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा, इस बीच, वाशिंगटन डीसी में बैठे उनके अच्छे मित्र (ट्रंप) लगातार यह कहते जा रहे हैं कि उन्होंने 10 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर को रुकवाने में हस्तक्षेप किया था और यह दावा अब तेजी से शतक के करीब पहुंच रहा है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर पूरी तरह मौन साधे हुए हैं– ठीक उसी तरह जैसे उन्होंने 19 जून 2020 को पूर्वी लद्दाख में 20 से अधिक जवानों की शहादत के बाद चीन को दी गई अपनी कुख्यात क्लीन चिट पर चुप्पी साध ली थी।

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला,नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की दी अनुमति

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एक नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दे दी। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला को, और विशेष रूप से एक नाबालिग लड़की को, उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने जोर देकर कहा कि गर्भवती लड़की को बच्चे को जन्म देने या नहीं देने के उसके अधिकार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसका मन नहीं हो कि वह बच्चे को जन्म दे और ऐसी इच्छा उसने साफ साफ शब्दों में बार बार जाहिर भी की हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दा यह था कि क्या एक नाबालिग को ऐसी गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जा



सकता है जो उसकी मर्जी के बिना है। अदालत ने कहा, अदालत किसी भी महिला को, नाबालिग बच्चे की तो बात ही छोड़िए, अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, अगर उसका ऐसा करने का इरादा ही नहीं हो। न्यायालय ने माना कि यह मामला इस पर निर्भर नहीं करता कि गर्भधारण सहमति से बने संबंधों के कारण हुआ था या दुष्कर्म से। वास्तव में फैसला इस बात से तय होगा कि नाबालिग की वह स्पष्ट इच्छा क्या है और उसका मन यही है कि वह बच्चे को जन्म न दे। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि एक बच्चे का जन्म अंततः एक जिंदगी को दुनिया में लाना है, लेकिन इस मामले में नाबालिग की स्पष्ट अनिच्छा सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के जेजे अस्पताल को निर्देश दिया कि वे सभी आवश्यक चिकित्सा संबंधी उपायों का पालन करते हुए गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन की प्रक्रिया शुरू करें। यह फैसला भारत में गर्भपात कानून के तहत श्प्रजनन अधिकारोंश की व्याख्या में एक मील का पत्थर माना जा रहा है। कारण यह है कि 24 सप्ताह की कानूनी सीमा के बाद भी विशेष परिस्थितियों में अदालत ने इस लड़की की पसंद को प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी संशोधन अधिनियम 2021 के अनुसार गर्भपात की समय सीमा को विभिन्न श्रेणियों में निर्धारित किया गया है। सामान्य परिस्थितियों में सभी महिलाओं के लिए 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति है, मगर इसके लिए डॉक्टर की सलाह आवश्यक है। विशेष श्रेणियों की महिलाओं जैसे कि दुष्कर्म का शिकार बनी लड़कियां, नाबालिग, विधवाओं, दिव्यांगों या गंभीर बीमारी से पीड़ित महिलाओं के लिए यह सीमा 24 सप्ताह तक निर्धारित है और इसके लिए दो डॉक्टरों की इजाजत अनिवार्य है। यदि गर्भ में पल रहे भ्रूण को गंभीर बीमारी है, तो राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुमति के बाद 24 सप्ताह के बाद भी गर्भपात कराया जा सकता है। इसके अलावा अगर गर्भवती महिला के जीवन को तत्काल कोई गंभीर खतरा हो, तो कानून की किसी भी समय सीमा के बिना आपातकालीन स्थिति में गर्भपात की अनुमति दी जाती है।

## प्रधानमंत्री के भाषण में तथ्य नहीं था, विपक्ष के सवालों का जवाब देने की हिम्मत नहीं कर सके : खरगे

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्यसभा में बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 97 मिनट के भाषण में कोई तथ्य नहीं था और वह विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों का जवाब देने की हिम्मत भी नहीं जुटा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार लोकतांत्रिक तरीके से संसद नहीं चलाना चाहती। खरगे ने संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री जी के भाषण पर प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। लेकिन फिर भी जितनी घटिया बात उन्होंने बोली है, उन बातों का मैं जरूर जवाब देना चाहता हूं, क्योंकि झूठी बातों को दोहराना उनका हमेशा से एक काम रहा है। संसद में उनके 97 मिनट के भाषण में, हमारी बातों पर एक भी उत्तर नहीं दिया गया। सिर्फ 100 साल की, 75 साल की, 50 पचास साल की बात करते रहे। कांग्रेस नेता का कहना था कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सरकार में बैठे दूसरे लोग बोल रहे थे कि जनरल एम एम नरवणे की



पुस्तक प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन किताब मौजूद है। उन्होंने कहा कि किताब होने के बावजूद सदन में इस बात को नकाराना विशेषाधिकार हनन है। खरगे ने कहा, जो मुद्दे हमने उठाए, आप (मोदी) उसका जवाब दीजिए। वह कहते हैं कि मुझे दो–दो किलो गालियां देते हैं। क्या गालियां तोलते हैं? उन्होंने दावा किया, हमने जो मुद्दे उठाए थे, लोकसभा और राज्यसभा में उसका उत्तर देने की हिम्मत उनमें नहीं थी और उनके पास कोई तथ्य भी नहीं थे। खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर सिखों का अपमान करने का आरोप लगाया, जबकि सबको पता है कि कांग्रेस ने दुनिया के एक मशहूर अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह को दो बार प्रधानमंत्री बनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी सिखों, दलितों और आदिवासियों का सम्मान नहीं करते। प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा था कि विपक्षी दल लगातार मिल रहीं चुनावी हार को पचा नहीं पा रहा है और उनके प्रति गहरी नफरत रखने के बावजूद वह कभी उनकी कब्र नहीं खोद पाएगा क्योंकि करोड़ों भारतीयों का आशीर्वाद उनका कवच है। राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा में विपक्षी दल के सदस्यों द्वारा पैदा किए गए व्यवधान को लेकर कहा था कि यह न केवल एक आदिवासी और महिला राष्ट्रपति का अपमान है, बल्कि उनके सर्वोच्च संवैधानिक पद और भारत के संविधान का भी अपमान है।

## मथुरा मोहपाश मामले में दो पुलिसकर्मी निलंबित, जांच जारी

(एजेंसी) मथुरा। मथुरा जिले के फरह थाना क्षेत्र में मोहपाश (हनीट्रैप) में फंसाकर जबरन वसूली के एक मामले में संलिप्तता के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता आगरा के किसान जगदीश हैं, जिन्होंने हाल ही में अपनी जमीन बेची थी और अच्छी खासी रकम प्राप्त की थी। एसएसपी के अनुसार, गांव के प्रधान और कुख्यात बदमाश खूबी राम ने मोहपाश के जरिए किसान से जबरन वसूली करने की साजिश रची थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उन्हें एक कमरे में बुलाया गया, जहां एक महिला के साथ वीडियो रिकॉर्ड किया गया। एसएसपी ने बताया कि तत्कालीन ओएल पुलिस चौकी प्रभारी उप–निरीक्षक कपिल और कांस्टेबल राकेश जगदीश को पुलिस चौकी ले गए और वहां बैठा दिया। उनकी कार कथित तौर पर प्रधान के घर पर खड़ी की गई थी।रिफाइनरी के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनिल कुमार कपरवान ने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसे जबरन एक लाख रुपये देने के लिए मजबूर किया गया और आरोपियों द्वारा उसकी कार को अपने कब्जे में रखने के बाद ही उसे छोड़ा गया। आरोप था कि शेष राशि का भुगतान होने पर कार वापस कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद ग्राम प्रधान, आरोपी महिला, तत्कालीन पुलिस चौकी प्रभारी और एक कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। श्लोक कुमार ने कहा, दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है। अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीमें गठित की गई हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## सीमांत नगालैंड क्षेतीय प्राधिकरण के गठन का समझौता ऐतिहासिक : प्रधानमंती मोदी

(एजेंसी) नई दिल्ली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सीमांत नगालैंड क्षेत्रीय प्राधिकरण (एफएनटीए) के गठन के लिए त्रिपक्षीय समझौता ऐतिहासिक है और पूर्वोत्तर क्षेत्र में शांति एवं समावेशी विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह वास्तव में एक ऐतिहासिक समझौता है, प्रगति और समावेशी विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समझौते पर बृहस्पतिवार



जो विशेष रूप से पूर्वी नगालैंड के विकास को गति प्रदान करेगा। केंद्र सरकार ने पूर्वी नगालैंड की मांगों को पूरा करने के उद्देश्य से सीमांत नगालैंड क्षेत्रीय प्राधिकरण के गठन के वास्ते नगालैंड सरकार और ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे विश्वास है कि इससे लोगों के लिए अवसरों और समृद्धि के नये द्वार खुलेंगे। यह पूर्वोत्तर में शांति, को नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किया गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, यह समझौता नगालैंड के छह जिलों– तुएनसांग, मोन, किपहिरे, लोंगलेंग, नोकलक और शमाटोर के लिए सीमांत नागालैंड क्षेत्रीय प्राधिकरण (एफएनटीए) के गठन का मार्ग प्रशस्त करेगा और 46 विषयों के संबंध में एफएनटीए को शक्तियां हस्तांतरित करेगा।

# सम्पादकीय

## सरकार भांप गई थी विपक्ष की रणनीति

संसद के मौजूदा बजट सत्र में इन दिनों विपक्ष का जोरदार हंगामा देखने को मिल रहा है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि विगत बुधवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिभाषण होना था, लेकिन विपक्ष के हंगामे के चलते नहीं हो सका और सदन को स्थगित करना पड़ा। इस घटना को लेकर अब स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा में अहम बयान दिया है। उन्होंने बतया कि ऐसा क्यों हुआ। स्पीकर ने कहा कि हंगामा के दौरान अप्रत्याशित घटना हो



नफीस जाफरी

सकती थी। यह संसद की गरिमा के खिलाफ था। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि विपक्ष के सांसद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आसन के पास अप्रत्याशित घटना कर सकते थे। ओम बिरला ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मैंने सदन में नहीं आने को कहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरे आग्रह को माना। मैं प्रधानमंत्री का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मेरे आग्रह को स्वीकार किया। वहीं दूसरी ओर विगत गुरुवार को चौथे दिन भी दोनों सदनों में शब्द संग्राम चला। लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बिना ध्वनिमत से पारित करना पड़ा। दरअसल वार–पलटवार के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों खेमों में दांवपेच भी चल रहा है। सदन में कैसे जीत–हार की रणनीति बन रही थी। लोकसभा में गुरुवार को धन्यवाद प्रस्ताव पर पीएम नरेंद्र मोदी को बोलना था। बताया जाता है कि वह उपलब्ध भी थे। लेकिन सत्ता पक्ष की तरफ से आखिरी समय में ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित करने की रणनीति बनी। सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए खास रणनीति बनाई थी। यह फैसला किया गया था कि लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बोलने नहीं दिया जाएगा। विपक्ष के सांसदों के सीधे निशाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहेंगे। विपक्ष का तर्क था कि जब बहस ही नहीं हुई है तो फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी जवाब देने का हक नहीं है। दरअसल यह एक तरह से नेता विपक्ष राहुल गांधी के भाषण पर हंगामे पर जवाबी रणनीति थी। कहा जा रहा है कि खरगे की बैठक में यह तय हुआ है कि विपक्ष एकजुट हो कर प्रधानमंत्री को लोकसभा में तो बोलने नहीं देगा। राज्यसभा की तुलना में लोकसभा में विपक्ष के पास संख्या बल ज्यादा है। ऐसे में अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण में व्यवधान आता। सरकार ने भी विपक्ष का प्लान भांपकर प्लान बी बनाया। इसके तहत लोकसभा में प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित हुआ और रणनीति बनी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऊपरी सदन में पांच बजे जवाब देंगे। राज्यसभा में सत्तापक्ष मजबूत है. ऐसे में विपक्ष के पास हावी होने का मौका कम है। पहले भी कुछ मौकों पर विपक्ष को वॉकआउट कर अपना विरोध जताना पड़ा है।

## यूरोप के साथ मुक्त व्यापार आसान नहीं होगा

पद्मा राव सुन्दरजी

इस सप्ताह के अंत तक, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, जो गणतंत्र दिवस परेड की मुख्य अतिथि थीं, संभवतरू उस दस्तावेज पर हस्ताक्षर करेंगी, जिसे उन्होंने 'ऐतिहासिक' बताया है–भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता। 'मदर ऑफ ऑल डील्स' कहे जाने वाले इस मुक्त व्यापार समझौते का परिणाम 2 दशकों से रुकी हुई बातचीत के बाद सामने आया है। लेकिन क्या यह सफल होगा? या फिर (अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा यूरोप और भारत दोनों पर टैरिफ का हथियार रखने के कारण) जल्दबाजी में किए गए इस समझौते की संतान जन्मजात रूप से दोषपूर्ण है? यूरोपीय संघ और भारत द्वारा पहली बार 'रणनीतिक' संबंध की घोषणा के 3 साल बाद, 2007 में मुक्त परमाणु समझौते (एफ.टी.ए.) की वार्ता शुरू हुई। उस समय भारत नहीं, बल्कि चीन यूरोपीय संघ का सबसे पसंदीदा सांझेदार था। इसके बाद 15 दौर की वार्ताओं से कुछ खास हासिल नहीं हुआ। यूरोप भारत के प्रति अपने एकतरफा रवैये पर अड़ा रहा। कृषि जैसे पहलुओं और यूरोपीय उत्पादों पर भारत द्वारा लगाए गए अत्यधिक शुल्क को लेकर वास्तविक चिंताएं थीं। भारत कार्बन उत्सर्जन कम क्यों नहीं करता, अपने औद्योगीकरण को क्यों नहीं रोकता और पश्चिमी देशों की मांगों को क्यों नहीं मानता? क्या भारतीय चुपके से यूरोपीय संघ के उच्च श्रम और पर्यावरण मानकों का उल्लंघन करेंगे? भारत ने चीन के कहीं अधिक सकल घरेलू उत्पाद (2007 में भारत के 1.2 ट्रिलियन डॉलर की तुलना में लगभग 3.4 ट्रिलियन डॉलर), तेजी से सस्ते सामान का उत्पादन और वितरण करने की उसकी क्षमता तथा उसके बढ़ते उपभोक्ता बाजार को नजरअंदाज कर दिया। चीन–यूरोपीय संघ के बीच व्यापार और निवेश फलता–फूलता रहा लेकिन ब्रसेल्स में चीन के 'गैर–लोकतांत्रिक' स्वरूप और 'मानवाधिकार' रिकॉर्ड का शायद ही कभी जिक्र हुआ। 2013 तक, भारत–यूरोपीय संघ वार्ता अधर में लटक गई। हालात तब बदले, जब चीन से आर्थिक और भू–रणनीतिक खतरे का सामना कर रहे अमरीका ने 'इंडो–पैसिफिक' नामक एक नए महासागर की खोज की और उस देश को लुभाना शुरू किया जो इसके सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर प्रभुत्व रखता था–भारत। यूरोप ने भी इसका अनुसरण किया और भारत–यूरोपीय संघ एफ.टी.ए. पर बातचीत 2022 में फिर से शुरू हुई। यूरोपीय लोग आमतौर पर अतिशयोक्ति नहीं करते, लेकिन पिछले सप्ताह दिल्ली में चिंतन फाऊंडेशन द्वारा आयोजित एक भरे हुए सैमीनार में, यूरोपीय संघ के 3 सबसे छोटे राज्यों–इटली, माल्टा और एस्टोनिया–के प्रतिनिधियों और भारतीय विश्लेषकों ने इस बात पर जोर दिया कि मुक्त व्यापार समझौता लगभग पूरा हो चुका है। हालांकि, समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं। यूरोपीय संघ के लिए, भारत द्वारा शराब, स्पिरिट और डेयरी उत्पादों पर लगाए गए 150 प्रतिशत तक के उच्च टैरिफ एक समस्या है। भारत के लिए, यूरोपीय संघ के कड़े बौद्धिक संपदा अधिकार नियम उसके अपने अधिक लचीले पेटैंट कानूनों से टकराते हैं, जिनके कारण सस्ती जैनरिक दवाएं संभव हो पाती हैं। यूरोप खरीद प्रक्रियाओं तक अधिक पहुंच चाहता है लेकिन 'आत्मनिर्भर भारत' स्थानीय आपूर्तिकर्त्ताओं को प्राथमिकता देता है। इसके अलावा, यूरोप का कार्बन बॉर्डर एडजस्टैंट मैकेनिज्म (सी.बी.ए.एम.) भी है, जिसे सस्ते, पर्यावरण के लिए हानिकारक उत्पादों को यूरोपीय संघ में प्रवेश करने से रोकने के लिए बनाया गया है। स्टील, एल्यूमीनियम, सीमैंट आदि पर लगाए गए भारी गैर–टैरिफ अवरोधों के कारण भारतीय लघु एवं मध्यम उद्यमों पर इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा। शराब, स्पिरिट और डेयरी उत्पादों पर टैरिफ कम करने से घरेलू किसानों, स्थानीय शराब उद्योग और राज्य सरकार के राजस्व को खतरा होगा। यूरोपीय ऑटोमोबाइल पर टैरिफ कम करने से भारत में विनिर्माण क्षेत्र की नौकरियां खतरे में पड़ जाएंगी। यूरोपीय संघ के कृषि उत्पादों के लिए कड़े मानक (उदाहरण के लिए बासमती चावल पर कीटनाशकों की सीमा) और जटिल प्रमाणन प्रक्रियाएं भी अनुपालन के लिए कठिन होंगी। मानव संसाधन का सवाल भी है। यूरोप एक स्पष्ट एकीकृत आव्रजन नीति के बिना भारतीय नर्सों, तकनीशियनों, आई.टी. प्रतिभाओं आदि को लुभाने की कोशिश कर रहा है। भारत ऐसे कामगारों के लिए आसान वीजा प्रक्रिया और निर्बाध आवागमन चाहता है। अंततरू, यूरोपीय संघ की संरचना और उसकी जटिल प्रक्रियाएं एक बड़ी खामी हैं। ऑब्जर्वर रिसर्च फाऊंडेशन के अर्थशास्त्री संजीव आहलूवालिया बताते हैं कि जब तक सभी 28 यूरोपीय संघ के सदस्य देश इसकी पुष्टि नहीं कर देते, तब तक यह समझौता केवल कागजों पर ही रहेगा। लेकिन भारत के यूरोपीय संघ के अलग–अलग देशों के साथ संबंध भिन्न–भिन्न हैं। पुष्टि प्रक्रिया के दौरान इनमें टकराव हो सकता है। तो क्या भारत–यूरोपीय संघ के मुक्त व्यापार समझौते को दस्तावेज पर हस्ताक्षर होते ही एक सफल और आवश्यक विवाह का परिणाम घोषित किया जा सकता है? इसका जवाब जानने में कम से कम एक साल और लगेगा।

# प्रधानमंत्री का शायराना अंदाज़ और निशाने पर विपक्ष



गुलफिशा खान

आईना देख लिया तो अपनी सच्चाई कहां छिपाओगे... राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शायराना अंदाज में विपक्षी दलों पर हमला बोला। बीते गुरुवार को राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण पर कांग्रेस पर गिन–गिन कर हमले किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों द्वारा किए जा रहे हमलों पर एक–एक कर जवाब दिया। मोदी तेरी कब्र खुदेगी की नारेबाजी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वजहें गिनाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम विकसित भारत की जमीन तैयार कर रहे हैं। कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने के कार्यक्रम करवा रही है। मोहब्बत की दुकान खोलने वाले मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगा रहे हैं। ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है, जो देश के किसी नागरिक की कब्र खोदने की बात करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि क्या ये संविधान का अपमान नहीं है। इसके बाद भी वे बयान देंगे, देखो प्रधानमंत्री राज्यसभा में भी रो रहा था। 2002 से 2014 से, पिछले 25 साल से संसद का एक भी सत्र ऐसा नहीं गया, जिसमें मोदी को इस संसद में गाली देने का काम न किया हो इन लोगों ने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान यह भी कहा कि मुझसे किसी ने एक इंटरव्यू में सेहत का राज पूछा था। तब मैंने कहा था कि मैं डेली दो किलो गाली खाता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस तंज पर सदन में जमकर ठहाके भी लगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, मोदी की कब्र ये क्यों खोदना चाहते हैं, ये



नारा नहीं, इनके भीतर नफरत का प्रतिबिंब है। हमने 370 की दीवार गिरा दी, नॉर्थ ईस्ट में बम बारूद की छाया समाप्त कर विकास की राह अपनाई, पाकिस्तानी आतंकियों को घर में घुसकर जवाब देते हैं, ऑपरेशन सिंदूर करते हैं, माओवादी आतंक से देश को मुक्ति दिलाने के लिए साहसपूर्ण कदम उठाते हैं, इसलिए मोदी की कब्र खोदनी है इनको। तो वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में हुई ट्रेड डीलों का जिक्र करते हुए कहा, पूरी दुनिया हमारी ट्रेड डील की तारीफ कर रही है। विश्व में अस्थिरता को लेकर जो चिंता थी, वह कम हुई है। हमारे युवाओं के लिए दुनिया का बाजार खुल चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज भारत अनेक देशों के साथ भविष्य के लिए तैयार ट्रेड डील साइन कर रहा है। पिछले कुछ समय में हमने दुनिया के 9 बड़े और महत्वपूर्ण देशों के साथ ट्रेड डील साइन की हैं...एकसाथ 27 देशों के साथ सबसे बड़ी डील, जिसमें यूरोपियन यूनियन भी शामिल है... इस दौरान उन्होंने कहा इस सदन में चर्चा का स्तर थोड़ा और ऊंचा होना चाहिए था। विपक्ष ने मौका गंवा दिया, देश कैसे भरोसा करे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि एक सदस्य आर्थिक असमानता की बात कर रहे थे, जो खुद को राजा कहलाने में गर्व करते हैं। टीएमसी के लोग यहां उपदेश दे रहे थे। जो निर्मम सरकार के सारे पैरामीटर पूरी कर रहे हैं। घुसपैठियों को बचाने के लिए अदालतों में ताकत लगा रहे हैं। घुसपैठिए नौजवानों की रोजी–रोटी, आदिवासियों की जमीन छिन रहे हैं। यहां आकर वे हमें उपदेश दे रहे हैं। आम आदमी पार्टी पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक हमारे सदस्य काफी कुछ बोल रहे थे। जिनकी पूरी सरकार शराब में डूब गई, वह काफी कुछ बोल रहे थे। ऐसे सभी साथियों से ये जरूर कहूंगा, तुम कितना दुनिया को धोखा दोगे, आईना देख लिया तो अपनी सच्चाई कहां छिपाओगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, लेट... ये दशकों से केंद्र में सत्ता में रहे, सत्ता में भागीदार रहे. राज्यों में भी सरकारें चलाने का अवसर मिला। अब डील की चर्चा होती है, नागरिकों के जीवन में बदलाव आ रहा है। इनकी प्राथमिकता अपनी जेबें भरने की रही।

# "गद्दार दोस्त" कहकर राहुल ने कर दिया सेल्फ़गोल



फरीद वारसी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की एक टिप्पणी को लेकर बखेड़ा खड़ा हो गया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहकर बुलाया, जिस पर हंगामा होने लगा है। ये सब हुआ संसद परिसर में, जब राहुल गांधी निलंबित सांसदों के साथ प्रदर्शन कर रहे थे। तभी रवनीत सिंह बिट्टू वहां से गुजरे तो उन्हें देखकर राहुल ने गद्दार दोस्त कहा. राहुल ने कहा– नमस्ते भाई, मेरे गद्दार दोस्त, चिंता मत करो तुम वापस आ जाओगे। राहुल ने उनसे हाथ मिलाने की भी कोशिश की लेकिन बिट्टू ने हाथ नहीं मिलाया। बहरहाल, रवनीत सिंह बिट्टू पर राहुल गांधी के बयान का पंजाब कांग्रेस के नेता हर तरह से बचाव कर रहे हैं। भाजपा ने कांग्रेस नेता की बात को सिखों के अपमान से जोड़ दिया है। और राहुल गांधी को घेरने के लिए सिख नेताओं को आगे कर दिया गया है – और, ये सब ऐसे वक्त हो रहा है, जब अगले ही साल पंजाब विधानसभा के लिए चुनाव होने वाले हैं। हमलावर भाजपा नेता राहुल गांधी के बयान को कांग्रेस शासन में ऑपरेशन ब्लू स्टार से जोड़कर पंजाब के सिखों के पुराने जख्मों को हरा करने की कोशिश कर रहे है। पंजाब 80 के दशक से ही कांग्रेस के लिए कमजोर कड़ी बना हुआ है, और राहुल गांधी ने अंदर का गुस्सा रवनीत सिंह बिट्टू पर जाहिर कर कांग्रेस के लिए सेल्फ गोल ..कर दिया है, ऐसा माना जा रहा है। ऐसे वक्त जबकि बजट सत्र में विपक्ष केंद्र में सत्ताधारी भाजपा को मजबूती से घेरने की कोशिश कर रहा है, राहुल गांधी ने नई मुसीबत मोल ली है – कहां राहुल गांधी पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की अप्रकाशित किताब के बहाने, और ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में एसआईआर के नाम पर भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने की कोशिश कर रहे हैं, और कहां रवनीत सिंह बिट्टू प्रकरण ने बचाव की मुद्रा में ला दिया है। वहीं दूसरी ओर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और सरकार के मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू गुरुवार को फिर आमने सामने आए। विवाद के बाद राहुल गांधी और रवनीत बिट्टू दोनों मकर द्वार पर दिखे। दिलचस्प बात यह रही कि दोनों ने हरे रंग के कपड़े पहने हुए थे। इस संयोग पर बिट्टू ने कांग्रेस पर तंज कसा। मालूम हो कि राहुल गांधी ने एक दिन पहले रवनीत बिट्टू को गद्दार कह दिया था और फिर उसके बाद उनसे हाथ मिलाने की कोशिश की थी। हालांकि रवनीत बिट्टू ने उनसे हाथ नहीं मिलाया और उन्हें देश का दुश्मन बताया था। जैसा कि उल्लेखनीय है कि भाजपा ने राहुल की इस टिप्पणी को सिखों का अपमान बताया है। वहीं, बिट्टू ने पलटवार करते हुए कहा कि वो हमेशा सिखों को निशाना बनाते रहे हैं। उन्होंने राहुल को सबसे बड़ा गद्दार और शसिखों का कातिलश बता दिया। यहां यह बताते चलें कि रवनीत सिंह बिट्टू पहले कांग्रेस में थे और



फिर भाजपा में आए। राहुल गांधी के उन्हें गद्दारश कहने की वजह शायद ये भी है। रवनीत सिंह बिट्टू राज्यसभा सांसद हैं और अभी मोदी सरकार में रेलवे मंत्रालय और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं। अगस्त 2024 में भाजपा ने उन्हें राजस्थान से राज्यसभा भेजा था। जैसा कि उल्लेखनीय है कि भाजपा में आने से पहले रवनीत सिंह बिट्टू कांग्रेस में थे। मार्च 2024 में ही वह भाजपा में शामिल हुए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें लुधियाना से टिकट दिया था लेकिन वह कांग्रेस उम्मीदवार अमरिंर सिंह राजा वरार से हार गए थे। इससे पहले बिट्टू दो बार लुधियाना से सांसद रह चुके थे। रवनीत सिंह बिट्टू पंजाब के मुख्यमंत्री रह चुके बेअंत सिंह के पोते हैं। अगस्त 1995 में एक सुसाइड बॉम्बर ने बेअंत सिंह की हत्या कर दी थी। 31 अगस्त 1995 को चंडीगढ़ में सेक्रेटेरिएट कॉम्प्लेक्स में एक बम धमाके में उनकी मौत हो गई थी। इस धमाके में 3 कमांडो समेत 17 लोगों की जान चली गई थी। खालिस्तान समर्थक संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल के दिलावर सिंह बब्बर ने सुसाइड बॉम्बर का काम किया था। उनकी हत्या में खालिस्तान कमांडो फोर्स भी शामिल था। बिट्टू ने अपना राजनीतिक करियर कांग्रेस से शुरू किया। 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें आनंदपुर साहिब से टिकट दिया। इस चुनाव में बिट्टू ने जीत हासिल की। इसके बाद 2014 और 2019 में उन्होंने लुधियाना सीट से लोकसभा चुनाव जीता। मार्च 2021 में जब लोकसभा में कांग्रेस के तत्कालीन नेता अधीर रंजन चौधरी बंगाल चुनाव में व्यस्त थे, तो कांग्रेस ने बिट्टू को ही लोकसभा में अपना नेता नियुक्त किया। 11 मार्च से 18 जुलाई 2021 तक बिट्टू लोकसभा में कांग्रेस के नेता थे। जून 2022 में उन्हें जान से मारने की धमकी मिली थी। यूके के एक नंबर से बिट्टू को वॉट्सऐप पर कई कॉल आए थे। कॉलर ने जरनैल सिंह भिंडरावाले को लेकर टिप्पणियों के चलते बिट्टू को जान से मारने की धमकी दी थी। बिट्टू के चुनावी हलफनामे के मुताबिक, उनके पास 5.94 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसमें से 5.08 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति है। उनके खिलाफ तीन क्रिमिनल केस दर्ज हैं। बिट्टू 12वीं पास हैं।

# पंथक वोटरों के लिए तय करना मुश्किल कि असैंबली चुनावों में वोट दें या नहीं

इकबाल सिंह चन्नी

2027 के पंजाब असैंबली के लिए पंथक मामले एक केंद्रीय मुद्दा बन गए हैं। सभी राजनीतिक दल पंथक एजैंडे को आगे रखकर चुनाव जीतने की कोशिश कर रहे हैं। सभी पार्टियां खुद को पंथक सपोर्टर और दूसरी पार्टियों को पंथ विरोधी बताने में कोई कसर नहीं छोड़ रहीं। लेकिन इस पूरे परिदृश्य में, लगभग सभी पाध्टयों की हालत 'हमाम में सब नंगे' जैसी हो गई है क्योंकि इस समय सभी मुख्य पार्टियों पर पंथक हितों के खिलाफ काम करने का आरोप लग रहा है। अगर हम मौजूदा राजनीतिक दलों का विश्लेषण करें, तो सभी पार्टियों पर पंथक मुद्दों पर किसी पर कुछ कम और किसी पर कुछ ज्यादा आरोप लग रहे हैं। यह सब समझने के लिए, आइए सभी प्रमुख पार्टियों कांग्रेस, भाजपा, 'आप' और अकाली दल बादल के पंथक मुद्दों के प्रति पिछले बर्ताव का विश्लेषण करते हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी और सबसे लंबे समय तक देश और राज्यों पर राज करने वाली कांग्रेस की बात करें, तो सबसे ज्यादा आरोप इसी पार्टी पर लगते हैं। देश आजाद होने के बाद, जब कांग्रेस सत्ता में आई, तो सिखों यानी पंथ के साथ भेदभाव का दौर शुरू हो गया। अगर इतिहास देखें, तो देश आजाद होने के बाद, सिखों से किए गए वादों को भूलकर, कांग्रेस ने सिखों के साथ भेदभाव करना शुरू कर दिया, जिसमें पंजाब के गवर्नर द्वारा सिखों को क्रिमिनल कम्युनिटी घोषित करना, भाषा के आधार पर पंजाबी राज्य बनाने से मना करना, पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ को केंद्र शासित बनाना, पानी के बंटवारे में पंजाब के साथ भेदभाव करना, पंजाब की चुनी हुई सरकारों को बार–बार तोड़कर राष्ट्रपति शासन लागू करना, श्री अमृतसर के दरबार साहिब में श्री अकाल तख्त पर हमला करना और उस समय की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद दिल्ली और देश के अलग–अलग हिस्सों में सिखों का कत्लेआम करना और सिखों के कातिलों को सजा देने की बजाय उन्हें ऊंचे पद देना शामिल था। लेकिन कांग्रेस पार्टी इन आरोपों के जवाब में ज्ञानी जैल सिंह को राष्ट्रपति, स. बूटा सिंह को गृहमंत्री, स. मनमोहन सिंह को देश का प्रधानमंत्री बनाने का श्रेय लेकर खुद को पंथक हितैषी होने का दावा करती है। शिरोमणि अकाली दल, जिसे अब अकाली दल बादल के नाम से जाना जाता है, खुद को पंथ का सबसे बड़ा हमदर्द बताता है और उस पर कई पंथ विरोधी काम करने के कई आरोप हैं। इनमें खासकर 1978 में हुई निरंकारी घटना, मोगा कॉन्फ्रैंस के दौरान अकाली दल को पंथक पार्टी की जगह पंजाबी पार्टी घोषित करना, बाबा राम रहीम की बेअदबी के लिए उनके खिलाफ एक्शन न लेना, सरकारी मदद से बाबा राम रहीम की फिल्म चलाना, बाबा राम रहीम को माफ करना, शांति से प्रोटैस्ट करने वाले सिखों पर गोली चलाना और श्री अकाल तख्त साहिब के हुक्मनामे को पूरी तरह लागू न करना तथा सिख मसलों को पूरी तरह हल न करना शामिल है। अकाली दल बादल ने इन सभी आरोपों को खारिज कर दिया है और सिख पंथ के लिए किए गए अपने कामों का हवाला देकर खुद को सिख पंथ का प्रवक्ता बताया है। इन कामों में पंजाबी सूबा बनाना, सिख गुरुओं के दिनों को बड़े पैमाने पर मनाना, सिख शहीदों की यादगारें बनाना, सिख इतिहास को दुनिया के सामने लाना, विरासत–ए–खालसा जैसी यादगारें बनाना, सिख धर्म के प्रचार–प्रसार के लिए देश–विदेश में प्रचार केंद्र खोलना और कई दूसरे काम शामिल हैं। 'आप', जो कुछ साल पहले ही बनी है, अब तक खुद को सैक्युलर पार्टी के तौर पर पेश करती रही है लेकिन उसने सिखों से किए वादे, जैसे बेअदबी और बहबल कलां और कोटकपूरा गोली कांड में इंसाफ का वादा पूरा नहीं किया है। इसके अलावा, सुल्तानपुर में गुरुद्वारा साहिब पर पुलिस की फायरिंग, 'आप' के मुख्यमंत्री द्वारा सिख मर्यादाओं का उल्लंघन, अकाल तख्त साहिब और गुरु की गोलक के बारे में कहे गए अपशब्द, हर दिन हो रही बेअदबी की घटनाएं और गायब पवित्र स्वरूपों की बरामदगी पर यू–टर्न। लेकिन आम आदमी पार्टी ने भी दूसरों की तरह खुद को पंथक हितों के रखवाले के तौर पर पेश करना शुरू कर दिया है। 'आप' का दावा है कि उसने बेअदबी करने वालों के खिलाफ सख्त कानून बनाए हैं, गायब पवित्र स्वरूपों के मुद्दे पर एफ.आई.आर. दर्ज की है और एस.आई.टी. बनाई है तथा गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस को आधिकारिक तौर पर मनाया है। चौथी मुख्य पार्टी, भाजपा को भी कई तरह की आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें सिखों को एक अलग समुदाय न मानना, कुछ नेताओं द्वारा सिख विरोधी बयान, तीन कृषि कानून और जेल में बंद सिखों की रिहाई शामिल है, जिससे आम सिख भाजपा से दूर हो रहे हैं। लेकिन भाजपा सिखों के लिए किए गए कामों की लंबी लिस्ट पेश करती है, जिसमें भाजपा ने कांग्रेस के समय में ब्लैक लिस्ट किए गए करीब 350 सिखों के नाम हटाने, करतारपुर साहिब कॉरिडोर खोलने, अफगानिस्तान से गुरु ग्रंथ साहिब के स्वरूप श्रद्धा के साथ भारत लाने, हेमकुंट साहिब में रोप–वे बनाने, गुरु साहिबान की शताब्दियां सरकारी स्तर पर मनाने, छोटे साहिबजादों का शहीदी दिवस विश्व स्तर पर मनाने, 84 के सिखों के कातिलों को सजा दिलाने, पीड़ितों को मुआवजा देने और पीड़ित परिवारों के सदस्यों को सरकारी नौकरी देने, पार्टी संगठन और सरकार में सिखों को ज्यादा प्रतिनिधित्व देने जैसे कामों का खास तौर पर जिक्र किया है। चुनाव सिर्फ 1 साल दूर हैं, मगर ज्यादातर सिख मुद्दे अभी अनसुलझे हैं। फिलहाल आम सिखों को भी उम्मीद नहीं है कि ये सुलझेंगे। इसलिए, पंथक सोच वाले सिख वोटरों को फैसला लेने में बहुत मुश्किल हो रही है। बड़ी संख्या में सिख सोच रहे हैं कि आने वाले चुनावों में सिर्फ उसी पार्टी का साथ देना चाहिए, जो सिख हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता दिखाए और जो भविष्य के लिए भरोसा दे। इसलिए, पंथक वोटर अभी से सभी राजनीतिक पार्टियों के सिख मुद्दों के प्रति कारगुजारी पर नजर रखे हुए हैं।

## बौद्धकथा से पूर्व शांति व सद्भावना रैली का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो



एलाऊ, मैनपुरी। कुसमरा मैनपुरी मार्ग स्थित गांव संजापुर में आयोजित होने वाली बौद्ध कथा के अवसर पर शुक्रवार को शांति एवं सद्भावना रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य भगवान बुद्ध के करुणा, अहिंसा और समता के संदेश को जन–जन तक पहुँचाना रहा। रैली का शुभारंभ स्थानीय कथास्थल संजापुर से हुआ, जो क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुँची। इसमें बड़ी संख्या में उपासक–उपासिकाएँ युवा वर्ग ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में बौद्ध ध्वज, तथागत बुद्ध की तस्वीरें ले रखे थे। रैली के दौरान बुद्धं शरणं गच्छामि, अहिंसा ही मानवता का मार्ग है जैसे नारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजक ने बताया कि इस रैली के माध्यम से समाज में भाईचारे, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। रैली के समापन के पश्चात बौद्ध कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ, जिसमें कथावाचक ने भगवान बुद्ध के जीवन, उनके उपदेशों और वर्तमान समाज में उनकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।

## लैग- स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर खानापूर्ती

### कागजों में चालू, जमीन पर बंद पड़ा गांव का सार्वजनिक शौचालय

न्यूज वाणी ब्यूरो/ मैनपुरी, एलाऊ। स्वच्छ भारत मिशन की सफलता के दावों के बीच विकास खंड जागीर क्षेत्र की ग्राम पंचायत नगला गहियर में गांव के बाहर बना सार्वजनिक शौचालय हकीकत की पोल खोल रहा है। सरकारी रिकॉर्ड में यह शौचालय संचालित बताया जा रहा है, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि यह महीनों से बंद और बदहाल पड़ा है। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को आज तक इसका लाभ नहीं मिल सका। स्थानीय लोगों के अनुसार शौचालय निर्माण के बाद न तो कभी नियमित सफाई कराई गई और न ही पानी, लाइट या देखरेख की व्यवस्था की गई। हैरानी की बात यह है कि हर निरीक्षण में शौचालय को ठीक बताया गया, जबकि मौके पर पहुंचने पर दरवाजे टूटे, सीटें क्षतिग्रस्त और चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि रखरखाव के नाम पर हर साल बजट तो निकाला गया, लेकिन वह पैसा कहां गया, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब शौचालय उपयोग में ही नहीं है, तो अधिकारी हर महीने शौचालय पर तैनात केयरटेकर को वेतन कैसे दे रहे हैं? महिलाओं और बच्चों के लिए बनाई गई यह सुविधा अब डर और असुरक्षा का कारण बन गई है। असामाजिक तत्वों का अड्डा बनने से ग्रामीण खासकर महिलाएं यहां जाने से बचती हैं और मजबूरी में खुले में शौच करने को विवश हैं। सबसे गंभीर सवाल प्रशासनिक निगरानी पर है। क्या बिना निरीक्षण के ही रिपोर्ट तैयार कर दी जाती है? क्या योजना के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति हुई? अगर नहीं, तो जिम्मेदार अधिकारी अब तक चुप क्यों हैं? ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सूचना के अधिकार और आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। यह मामला अब सिर्फ एक शौचालय का नहीं, बल्कि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही का बन चुका है।

# एसपी ने थाने का वार्षिक निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने शुक्रवार को कटरा थाने पर अपराह्न 12.30 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस द्वारा कप्तान को सलामी दी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कटरा थाने का



निरीक्षण करते हुए बैरक भवन एवं थाने पर विचाराधीन मुकदमो की विवेचनाओ से सम्बंधित जानकारी ली। विवेचको को लंबित विवेचनाएं तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान थाने के भवन एवं मैस को देखा। असलाह को चलवा कर देखा, कस्बा इंचार्ज मानव सागर एसआई अंशु को असलाह चलाने में दिक्कत आई। दरोगा अंशु चौधरी ने बताया कि बीमार होने पर हाथ मे ड्रिप लगी थी इसलिए पिस्टल चलाने में दिक्कत आई है। निरीक्षण के दौरान एसपी सिटी देवेंद्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दीक्षा भवँरे, तिलहर सीओ ज्योति यादव थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# चोरों ने दो घरों को बनाया अपना निशाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम पंचायत मवई बुजुर्ग गांव के नई बस्ती में चोरों ने दो मकानों को बनाया अपना निशाना, दीवाल तोड़कर दो घरों से चोरी की गई। बता दे कि बीती



रात गांव के ही महेश प्रजापति पुत्र दुलुवा प्रजापति कहीं बाहर गया हुआ था सूना मौका पाकर अज्ञात चोरों ने घर से 3 बकरिया जिसकी कीमत 35 हजार रुपए की चोरी कर ले गए हैं, वही दूसरे पीड़ित महेंद्र प्रजापति पुत्र प्रभु दयाल प्रजापति मवई निवासी के घर के पीछे से मकान की दीवार को तोड़कर चोर घर के अंदर घुसकर कमरे में रखे 3 कुंटल गेहूं, चावल 30 किलो, 5 हजार रुपए व गृहस्थी का समान और जरूरी कागजात आदि लेकर फरार हो गए चोर, गृहस्वामी महेंद्र प्रजापति ने बताया कि हम बाहर घर के सो रहे थे तभी वही पास में हमारी भैंस बंधी हुई थी जिसको चोरों ने खूंटे से खोल दिया था जिसके बाद हम लोग भैंस को ढूंढने के लिए घर से बाहर निकल गए थे इसके बाद चोरों ने हमारे घर के पीछे की दीवाल तोड़कर अंदर प्रवेश हुए और चोरी कर ले गए। पीड़ितो ने घटना की जानकारी पुलिस को भी दी है।

# पांच दिवसीय शांतिकुंज महायज्ञ का हुआ समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। शांतिकुंज के तत्वावधान में ब्लॉक बेहटा के चंदीभानपुर में नौ कुंडी गायत्री महायज्ञ पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन दिवस के शुभ अवसर पर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु गायत्री मंत्र से आहुति दिया साथ में गुरु दीक्षा संस्कार 21 संपन्न हुए एवं 51 विद्यारंभ संस्कार 11 नामकरण संस्कार साथ में अब फिर से वीर अभिमन्यु राम भारत ध्रुव प्रहलाद जैसी संताने लेंगी जन्म पुंस्वन संस्कार के माध्यम से 21 पुंस्वन संस्कार संपन्न हुए रात्रि में विराट दीप महायज्ञ के माध्यम से हजारों दीपको को प्रज्ज्वलित करके श्रद्धालुओं ने श्रद्धा का दीपक जलाकर अपने जीवन में जगमगाती ज्वाला प्रकट की जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के टोली नायक मान सिंह वर्मा द्वारा श्रद्धालुओं के मन श्रद्धा जागी कथा का रसपान कराया। इस कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति गायत्री परिवार जिला मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी गंगासागर वर्मा जिले के जिला समन्वयक रामनरेश चौधरी जिले के सह. जिला समन्वक काशीराम वर्मा, डा. गंगा सागर वर्मा साथ में जिला के जिला समन्वक मनीराम वर्मा एवं लखीमपुर जिले के युवा प्रभारी व जिला समन्वक रामखेलावन निषाद, अजय वर्मा, अनुराग मौर्य अपने टीम सहित पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्रीय कार्यकर्ता व गांव के भाई–बहनों के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# आईटीआई तुलसीपुर में रोजगार मेला 10 को

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तुलसीपुर में 10 फरवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में मारूति कम्पनी हेतु टेक्नीशियन और रोडवेज विभाग हेतु ड्राइवर की भर्ती की जायेगी। मारूति कम्पनी में रोजगार पाने हेतु न्यूनतम योग्यता 18–26 वर्ष आयु एवं आई०टी०आई० उत्तीर्ण और रोडवेज विभाग में ड्राइवर पद हेतु हैवी गाड़ियों का डाइविंग लाइसेंस अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार मेला में प्रतिभाग करने हेतु अपने समस्त शैक्षिक योग्यता/आईटीआई के मूल प्रमाण पत्रों व प्रत्येक प्रमाण पत्र की दो–दो छायाप्रति के साथ उक्त मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, उक्त हेतु कोई भी अतिरिक्त यात्रा भत्ता/अन्य भत्ता देय नहीं होगा।

# किसान संगठनों का नि:शुल्क नेत्र शिविर 11 फरवरी को

## - आम जनमानस को लाभान्वित करने की हो रही पहल : राजेश सिंह

न्यूज वाणी ब्यूरो

हरगांव, सीतापुर। जिले में किसान संगठनों की ओर से लगवाए जा रहे नेत्र शिविरों के माध्यम से आम जनमानस को लाभान्वित करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। जिसकी लोग भूरि भूरि सराहना कर रहे हैं। जिले के हरगांव क्षेत्र में किसान मंच के अध्यक्ष राजेश सिंह तोमर द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कराया जा रहा है। वहीं कमलापुर क्षेत्र में भारतीय मजदूर किसान संगठन की इकाई द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जनपद के विकास खण्ड हरगांव के अन्तर्गत बड़कऊ सिंह स्मारक विद्यालय गनेश पुरा में किसान संघर्ष मंच के अध्यक्ष राजेश सिंह तोमर के द्वारा आंख अस्पताल की ओर से नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कराया जा रहा है। तोमर ने बताया कि जनहित में लगवाए जा रहे निशुल्क कैंपों में यह उनका पच्चिस वां कैम्प है। अब तक कैम्पों के जरिए ढ़ाई हजार से अधिक लोग नि:शुल्क ऑपरेशन चश्मा दवा आदि लेकर लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने क्षेत्रीय जनों से कैंप में अधिक से अधिक संख्या में आकर लाभ उठाने की अपील की है। तोमर ने यह भी बताया कि नेत्र शिविर में आने वाले लोग अपने साथ में अपना आधार एवं आवश्यक वस्तुएं अवश्य लायें। ताकि नेत्र परीक्षणोपरांत उन्हें आवश्यकता पड़ने पर ऑपरेशन के लिए अस्पताल के वहां से पहुंचाया जा सके। ऑपरेशन के बाद मरीज को स्कूल तक वापस भेज दिया जाएगा इसके लिए किसी भी प्रकार का कोई खर्च नहीं लगेगा। दूसरी तरफ कमलापुर क्षेत्र के एक गांव में भारतीय मजदूर किसान संगठन की ओर से नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित करवाया जा रहा है। इस मौके पर सीतापुर जिले की इकाई ने यह स्पष्ट किया है कि आज प्रदेश व देश की मौजूदा नीतियों में मजदूर, किसान और गरीब वर्ग का स्वास्थ्य सबसे ज्यादा उपेक्षित है। सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच की खाई लगातार बढ़ती जा रही है।गांवों में न तो डॉक्टर हैं,और न दवाइयां न ही समय पर इलाज की व्यवस्था। इसी जनविरोधी व्यवस्था के खिलाफ संगठन सिर्फ बयान नहीं,बल्कि जमीन पर काम करने में विश्वास रखता है। इसी कड़ी में आँख अस्पताल के सहयोग से ग्यारह फरवरी 2026 बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बम्हेरा, कमलापुर में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कराया जा रहा है। जिसकी शुरुआत प्रात: दस बजे से होगी। इस शिविर के माध्यम से संगठन उन मजदूरों, किसानों, बुजुर्गों और गरीब परिवारों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने का कार्य करेगा। जिन्हें व्यवस्था ने वर्षों से अनदेखा किया है। यह शिविर केवल चिकित्सा सेवा नहीं बल्कि संगठन की जनपक्षधर सोच और संघर्षशील राजनीति का प्रतीक है। धीरज सिंह धीरू जिलाध्यक्ष/राष्ट्रीय प्रवक्ता भारतीय मजदूर किसान संगठन ने कहा कि हमारी राजनीति सत्ता की परिक्रमा नहीं करती, हमारी राजनीति खेत, खलिहान और गांव की गलियों से निकलती है। जब सरकारें आंखें मूंद लेती हैं। तब संगठन जनता की आंखों की रोशनी बचाने आगे आता है। भारतीय मजदूर किसान संगठन सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करता है कि वे इस शिविर को जनआंदोलन का रूप दें, अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें और यह साबित करें कि संगठित जनता ही असली ताकत है।

# राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए कृषक संजीव कुमार गौड़

## - राजभवन में आयोजित प्रदर्शनी में जनपद तीन श्रेणियों में मिले 05 पुरस्कार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। राज भवन प्रांगण लखनऊ में 06 से 08 फरवरी तक आयोजित होने वाली प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के दौरान आकांक्षी जनपद के प्रगतिशील .षक संजीव कुमार गौड़ को एकी.त जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक से बिष मुक्त पपीता की खेती के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान .षक श्री गौड़ ने मौजूद .षकों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। .षि उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए आई.पी.एम. विधि से विषमुक्त खेती करने के लिए .षकों को प्रेरित भी किया। राज भवन प्रांगण में आयोजित 03 दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के प्रथम दिन निर्णायक कमेटी द्वारा जनपदों की ओर से लगाये गये प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण किया गया। निर्णायक मण्डल द्वारा जनपद के .षक रवि कुमार अग्रवाल को रंगीन शिमला मिर्च (लाल) एवं जरवेरा (लाल रंग) के लिए प्रथम पुरस्कार, .षक लालता प्रसाद गुप्ता को केला (सब्जी) के लिए प्रथम एवं शहद के लिए शत्रोहन यादव व फूलचन्द्र गिरी को क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया। इस प्रकार जनपद को 03 श्रेणियों में कुल 05 पुरस्कार प्राप्त हुए। कृषकों द्वारा अर्जित की गई उपलब्धि के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि औद्यानिक फसलों में आकांक्षी जनपद के .षकों को पुरस्कृत होना जनपदवासियों के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि राजभवन प्रांगण, लखनऊ में आयोजित होने वाली 03 दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी के नेतृत्व में वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक पंकज वर्मा एवं जनपद के प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

# कातिल धागे पर पुलिस का कड़ा प्रहार, कजियारे इलाके में छापेमारी

## - भारी मात्रा में चाइनीज मांझा बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। मौत का पर्याय बन चुके प्रतिबंधित चाइनीज मांझे



के खिलाफ कोतवाली नगर पुलिस ने शुक्रवार को सर्जिकल स्ट्राइक जैसी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। क्षेत्राधिकारी नगर विनायक गोपाल भोसले के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के कजियारे इलाके में अचानक छापेमारी की, जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस की धमक देखते ही कई दुकानदार शटर गिराकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने इलाके की पतंग और मांझा दुकानों की सघन तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में प्लास्टिक युक्त चाइनीज मांझा जब्त किया गया है। पुलिस ने एक दुकानदार को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए व्यक्ति से मांझे के मुख्य सप्लायर और नेटवर्क के बारे में कड़ी पूछताछ की जा रही है। सड़कों पर सन्नाटा, दुकानदारों में खौफ छापेमारी के दौरान सदर बाजार चौकी इंचार्ज स्वाति चतुर्वेदी और बस स्टॉप चौकी प्रभारी प्रिंस सोनकर सहित भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। पुलिस की इस सक्रियता को देखकर मांझा बेचने वाले अन्य दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर भाग निकले। विनायक गोपाल भोसले, क्षेत्राधिकारी नगर ने कहा कि चाइनीज मांझा बेचना और इस्तेमाल करना कानूनन अपराध है। यह न केवल इंसानों बल्कि बेजुबान पक्षियों के लिए भी जानलेवा है। जिले में यह अभियान लगातार जारी रहेगा। हादसों को रोकने के लिए सख्त चेतावनी पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चाइनीज मांझा इतना धारदार होता है कि इससे आए दिन राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों के गले कटने की घटनाएं सामने आती हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि यदि दोबारा प्रतिबंधित मांझा मिला, तो सीधे जेल की हवा खानी होगी। आम जनता से अपील सीओ सिटी ने नागरिकों से अपील की है कि पतंगबाजी के लिए केवल सुरक्षित सूती धागे का ही प्रयोग करें। चाइनीज मांझा बेचने वालों की गुप्त सूचना तुरंत पुलिस को दें। सुरक्षा नियमों का पालन कर खुद को और दूसरों को सुरक्षित रखें।

# एकतरफा प्यार में सनकी छात्र ने शिक्षिका के होंठ काटे

## - गंभीर हालत में आगरा रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी। एकतरफा प्यार की सनक में एक छात्र ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। कक्षा 12 के छात्र ने अपनी शिक्षिका पर धारदार हथियार से हमला कर उनके दोनों होंठ काट दिए। गंभीर रूप से घायल शिक्षिका को आगरा रेफर किया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी छात्र पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र में कक्षा 12 का छात्र अखंड प्रताप सिंह अपनी ही टीचर से स्कूल में छेड़छाड़ करने लगा। जब इस बात की शिकायत छात्र के परिवार से की गई तो कुछ समय के लिए सब ठीक रहा लेकिन छात्र की हरकतें फिर से शुरू हो गईं। आखिरकार परेशान होकर टीचर ने स्कूल छोड़ दिया और दूसरे स्कूल में नौकरी करने लगीं लेकिन आरोपी छात्र यहीं नहीं रुका। उसने नई जगह पर भी टीचर का पीछा करना शुरू कर दिया। जब टीचर ने उसका विरोध किया तो उसने एक खौफनाक कदम उठा लिया। रास्ते में टीचर को रोककर उसने धारदार हथियार से हमला कर दिया और उनके दोनों होंठ काटकर शरीर से अलग कर दिए। इस वारदात को अंजाम देने के बाद छात्र मौके से फरार हो गया। शिक्षिका के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बहन शहर के आगरा रोड स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ाती थीं। कक्षा 12 का अखंड प्रताप सिंह नाम का छात्र उनकी बहन पर बुरी नजर रखता था और अक्सर अश्लील हरकतें करता था। शिक्षिका ने इसकी शिकायत पेरेंट्स–टीचर मीटिंग में छात्र की मां से की थी। उस समय छात्र की मां ने भरोसा दिलाया था कि अखंड दोबारा ऐसी हरकत नहीं करेगा लेकिन छात्र की हरकतों में कोई सुधार नहीं आया। छात्र की छेड़खानी से परेशान होकर शिक्षिका ने आगरा रोड वाला स्कूल छोड़ दिया और ज्योति रोड स्थित एक दूसरे स्कूल में पढ़ाना शुरू कर दिया लेकिन आरोपी अखंड प्रताप की सनक कम नहीं हुई। वह आए दिन नए स्कूल के रास्ते में शिक्षिका को रोककर परेशान करने लगा और उन पर अनैतिक संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी फतह बहादुर सिंह ने बताया कि शिक्षिका के भाई की तहरीर पर आरोपी पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सीओ यातायात की अध्यक्षता में हुई प्रशिक्षण कार्यशाला

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम के तहत सड़क दुर्घटनाओ में हो रही मृत्यु दर को कम करने व समय से प्राथमिक उपचार दिलाये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में शुक्रवार को पुलिस लाइन सभागार में क्षेत्राधिकारी यातायात प्रतिज्ञा सिंह की अध्यक्षता में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन में किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जनपद में गठित सीसी टीम के अधिकारी/कर्मचारीगण को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सड़क पर हो रही दुर्घटनाओ को कम करना, संवेदनशील क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण और सड़क सुरक्षा को बढ़ाना । इस दौरान पुलिस कर्मियों को ब्रिथ एनालाइजर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की पहचान के लिए, बॉडी वॉर्न कैमरा, वास्तविक परिस्थितियों में घटनाओं का रिकॉर्ड और निगरानी, स्पीड राडार वाहनों की गति की निगरानी और नियंत्रण व अन्य आधुनिक यातायात उपकरणों के सही व प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। क्षेत्राधिकारी यातायात ने उपस्थित कर्मियों को कहा कि इन उपकरणों और प्रशिक्षण के माध्यम से हमारी प्राथमिकता है कि सड़क पर मृत्यु दर को कम करते हुए जल्द से जल्द घायलों को (गोल्डन आवर) में प्राथमिक उपचार दिलाना जिससे दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों की संख्या को न्यूनतम किया जा सके।

# कंजोली में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर लगाई चौपाल

न्यूज वाणी ब्यूरो



नानौता, सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार विकास खण्ड अधिकारी सोनिका चौधरी द्वारा विकास खण्ड नानौता के ग्राम पंचायत कंजोली में ग्रामीणवासियों की समस्याओं को लेकर चौपाल का आयोजन किया गया जिसमे ग्राम पंचायत सचिव विवेक कुमार वन दरोगा विनोद चौधरी एंव कृषि विभाग अधीकारी व एग्रीकल्चर से अर्जुन भी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत कंजोली में गांववासियों की समस्याओं को लेकर आयोजित चौपाल में ग्रामीण वासियों ने विभिन्न समस्याओं से उपस्ति अधिकारियों को अगवत कराया जिसके बाद विकास खण्ड अधिकारी सोनिका चौधरी ने अधिकांश समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही कराया व अन्य के लिए आश्वासन दिया और इस मौके पर सोनिका चौधरी ने कहा ग्रामीणवासियों की समस्याओं जैसे राशनकार्ड की समस्या कृषि सम्बधित समस्याओं एंव फारमर रजिस्ट्री आदि की समस्याओं के निस्तारण पर कार्य किया जाना अति आवश्यक है इसके लिए ग्रामीण वासियों को भी जागरूक होना जरूरी है। जब तक आप लोग अपनी अपनी समस्याओं के बारे में सम्बधित अधिकारियों को नही बताएंगे तब तक आपकी समस्या का निस्तारण कैसे होगा इसलिए हम सब का जागरूक होना जरूरी है। प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार ग्रामीण वासियों के लिए हर प्रकार की योजना लेकर आई है। जिसका लाभ बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत के लोग उठा रहे है। ग्राम पंचायत को स्वच्छता अभियान तरह प्रतिदिन को अभियान समझकर स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी बनती है। इस दौरान ग्राम परधान विपिन कुमार आशा व आंगनबाड़ी आदि उपस्थित रहे।

# 13 फरवरी को कलेक्ट्रेट में होगी जिला सैनिक बंधु की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय की ओर से जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, युद्ध वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों को सूचित किया गया है कि 13 फरवरी को अपराह्न 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल दिनेश कुमार शर्मा (अ.प्र.) ने बताया कि जिन भूतपूर्व सैनिकों अथवा आश्रितों की कोई समस्या है, वे अपनी शिकायत अथवा प्रार्थना–पत्र चार प्रतियों में तैयार कर 12 फरवरी 2026 तक कार्यालय में जमा कर दें, ताकि बैठक में समस्याओं का निस्तारण कराया जा सके। बैठक में भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक ऋण, पेंशन, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक सहायता सहित अन्य समस्याओं पर विचार किया जाएगा। न्यायालय में लंबित मामलों अथवा शिकायतों को बैठक में प्रस्तुत नहीं किया जाएगा।

# तहसील सेवराई में समाधान दिवस आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सेवराई में 07 फरवरी को शनिवार को जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न किया जायेगा एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 दिनेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील मुहम्मदाबाद तथा अन्य तहसीलो में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न किया जायेगा। जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार ने जनपद के समस्त जनपदवासियों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक तहसील दिवस के अवसर पर ससयम उपस्थित होने का कष्ट करे लाभार्थी द्वारा प्राप्त आवेदनो एवं लम्बित आवेदनो का तत्काल निस्तारण किया जा सके।

# मिशन शक्तिके तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज–5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को



जागरूक किया गया। अभियान के तहत महिला सुरक्षा दल ने स्कूलों, कॉलेजों एवं बाजारों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान महिला संबंधी समस्याओं के निस्तारण हेतु चौपालों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पावर लाइन–1090, पुलिस आपात सेवा–112, एम्बुलेंस–108, चाइल्ड लाइन–1098, स्वास्थ्य सेवा–102, महिला हेल्पलाइन–181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन–1076 एवं साइबर हेल्पलाइन–1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही गुड टच–बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराधों, कानूनी प्रावधानों एवं शासन द्वारा संचालित महिला कल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी देकर पम्पलेट वितरित किए गए। पुलिस प्रशासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है। नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद | जी.टी. रोड, फतेहपुर | MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी | सम्पादक कारवाने हक | 9415065213
एफ.ए.जाफरी | D.R. (Opt.) | 7379440876

# लड़की को भगा ले जाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध वांछितध्वारण्टी में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधाकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज क्षेत्रान्तर्गत लडकी को बहलाफुसला कर भगा ले जाना व उसके साथ गलत काम करने वाले अभियुक्त सोनू कुमार पुत्र सुरेश निवासी बरीखंजरपुर थाना बरारी जिला भागलपुर (बिहार) को सम्बन्धित मु0अ0सं0 31/25 धारा 87/64 बीएनएस थाना सिरसागंज को थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा गिरतार किया गया।



# स्वास्थ्य सेवा यात्रा फेज-6 का मिहीपुरवा तहसील के गाँवों में शुरुआत

न्यूज वाणी ब्यूरो

मिहीपुरवा, बहराइच। भारत नेपाल सीमा के किनारे बसे मिहीपुरवा तहसील के सीमावर्ती गांव आंबा, विशुनापुर, फकीरपुरी, सलारपुर, हरखापुर, भगडिया, गोपिया, करमोहना, बलईगांव, जोगिनिया, अयोध्यागांव में नेशनल मेडिकोज अर्गनाइजेशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा फेज 6 के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर डाक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के कुशल डाक्टरों की टीम द्वारा आयोजित किया गया। यह स्वास्थ्य चिकित्सा यात्रा 6 फरवरी से शुरू होकर 8 फरवरी तक चलेगी जिसमें मिहीपुरवा तहसील क्षेत्र के 11 गांव मे 6 फरवरी को चिकित्सा शिविर आयोजित किये गये तथा 7 फरवरी को भी अन्य सीमावर्ती 11 गाँवों में आयोजित किये जायेगे तथा 8 फरवरी को बहराइच के किसान डिग्री कालेज में जिला स्तरीय मुख्य शिविर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणों को डाक्टरो की टीम द्वारा उचित परामर्श तथा निःशुल्क दवाई वितरित की गई। शिविर की व्यवस्था की देखरेख में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के .ष्ण कुमार बाबूलाल शर्मा सुरेश वर्मा अतुल गौड़ हिमांशु राजेश गुप्ता अमित कुमार हुकुम चन्द्र वर्मा अर्पित वर्मा आदि स्वयं सेवकों का विशेष योगदान रहा।



# 37 वें स्थापना दिवस पर विकास भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद के 37 वें स्थापना दिवस के अवसर पर विकास भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया और संपूर्ण परिसर को फूल पत्तियों से सजाया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए डीपीएनआरएलएम महेंद्र प्रताप सिंह यादव ने कहा कि फिरोजाबाद को जनपद बनाने में हमारे बुजुर्गों का महत्वपूर्ण योगदान है, अब हमारा कर्तव्य है कि हम सभी अपने कर्तव्यों का उचित पालन करते हुए आम जन की समस्याओं का निदान कर जनपद को विकास के उच्चतम शिखर पर ले जाएं। जिला .षि अधिकारी सुमित कुमार चौहान ने कहा कि फिरोजाबाद विश्व में अपनी पहचान रखता है हम सब को भी इस पहचान को और अधिक उत्.ष्ट शिखर की ओर ले जाने चाहिए। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश कुशवाहा ने कहा कि हमारे बुजुर्गों के समर्पण पर जनपद की नींव है हमें दिन प्रतिदिन जनपद की सफलताओं को बुलंदियों पर पहुंचने का कार्य करना चाहिए, साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद में सौहार्द और समानता का भाव जन जन के अंदर जागृत करना चाहिए। इस अवसर मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती, मत्स्य अधिकारी गौरव सिंह, एडीपीआरओ धनराज सिंह, डीपीओ केसरी नंदन तिवारी, डीसी मनरेगा सुभाष चंद्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी मिथलेश कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष संयुक्त परिषद सुभाष यादव, जिलाध्यक्ष अटेवा धर्मेंद्र .ष्णन, अध्यक्ष एडीओ पंचायत हरेंद्र पाल, अध्यक्ष संयुक्त परिषद प्रमोद शर्मा एवं प्रधान सहायक सौरभ यादव सहित जगवीर सिंह, राजकुमार, अनिल कुमार, बिजेंद्र पाल सिंह, योगेंद्र पाल सिंह, आनंद उपाध्याय, रमेश चंद्र शाक्य, महेंद्र सिंह, अनिल कुमार, नेत्रपाल सिंह, कुमार गौरव, दिनेंद्र प्रताप सिंह व अन्य उपस्थित रहे।



# सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह फरवरी के प्रथम शनिवार 07 फरवरी को तहसील नानपारा में जिलाधिकारी तथा तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

# यातायात उल्लंघन में 230 वाहनों के किए चालान

## – 28 फरवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा माह का द्वितीय फेज का आरंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। सड़क दुर्घटनाओं पर कमी लगाये जाने के उद्देश्य से शासन द्वारा सडक सुरक्षा माह का दूसरा फेज मनाया जा रहा है। शुक्रवार को उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) के०डी० सिंह झाँसी द्वारा सम्भागीय परिवहन कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक कर सड़क सुरक्षा के .ष्टिगत सीटबेल्ट–हेलमेट के चालान किये जाने के निर्देश दिये गये। उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) झाँसी के०डी० सिंह द्वारा दिये गये उक्त निर्देश के अनुपालन में आज महाराणा प्रताप चौक पर बिना हेलमेट सीटबेल्ट लगाये वाहन चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वाले वाहनों के विरूद्ध सौरभ कुमार सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उदयवीर सिंह सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), श्यामलाल सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं वीरेन्द्र नाथ राजभर यात्री/मालकर अधिकारी द्वारा समस्त प्रवर्तन स्टॉफ के साथ संयुक्त रूप से सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 190 वाहनों का बिना हेलमेट, 30 वाहनों का बिना सीटबेल्ट, 10 वाहनों का वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने, 16 वाहनों का रांग साइड के अभियोग में चालान किया गया। वाहन चालकों को हेलमेट, सीटबेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, ओवरस्पीडिंग न करने, स्टट न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, रांग साइड में वाहन न चलाने हेतु तथा अपने नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न देने हेतु जागरूक किया गया।



# विकास भवन में 22 को लगेगा वृहद विधिक साक्षरता व सेवा मेगा कैम्प

## - एक ही स्थान पर मिलेगा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/सिविल जज (सी.डि.) योगेश शिवा द्वारा विभिन्न विभागीय अधिकारियों और पैरा लीगल वालंटियर्स (पीएलवी) के साथ एक समन्वयक बैठक का आयोजन फैमिली कोर्ट हॉल में किया गया। जिसमें, जनपद के सिविल लाइन दबरई स्थित विकास भवन में 22 फरवरी रविवार को प्रस्तावित वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा मेगा कैम्पष को लेकर विचार विमर्श किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 22 फरवरी को दबरई के सिविल लाइन स्थित विकास भवन में प्रस्तावित वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा मेगा कैम्प के आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/सिविल जज (सी०डि०) योगेश शिवा द्वारा एडीआर भवन जनपद न्यायालय परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सुश्री योगेश शिवा ने जानकारी देते हुए बताया कि, इस वृहद मेगा कैम्प का मुख्य उद्देश्य जनपद के वृद्धजनों एवं आम नागरिकों को सरकार द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रमिक पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना, विश्वकर्मा सम्मान योजना, किसानों से संबंधित योजनाएं तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। साथ ही, शिविर के माध्यम से आम जनमानस को विधिक साक्षरता प्रदान करते हुए उनके विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त पैरा लीगल वालंटियर्स को निर्देशित किया गया है कि वे, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क कर आम नागरिकों को उक्त वृहद मेगा कैम्प के संबंध में जागरूक करें। ताकि, अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। समन्वय बैठक में मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण अधिकारी राजमती, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी .ष्ण मोहन सिंह, (जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास) केशरी नंदन तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी राम बदन राम, जिला प्रोबेशन अधिकारी मिथलेश कुमार सिंह, आर.आई. अखिलेश यादव व अन्य विभागीय अधिकारियों सहित प्रवीन कुमार शर्मा, प्रीती वर्मा, ममता जैन, कल्पना राजौरिया, सुषमा सिंह, नीलम दुबे, रश्मि, तान्या और समस्त स्टॉफ व पैरा लीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।



# नामांतरण वादों के निस्तारण की स्थिति खराब, डीएम ने जताई नाराजगी

## - समस्त पीठासीन अधिकारियों से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

## - खराब प्रदर्शन वाले तीन पीठासीन अधिकारियों के विरुद्ध आख्या शासन को होगी प्रेशित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 34 (नामांतरण) में दायर वादों के निस्तारण में जनपद की स्थिति पूरे प्रदेश में बेहद खराब है। जनपद अंतिम पांच में शामिल है, जिसके .ष्टिगत शासन ने समस्त पीठासीन अधिकारियों के विरुद्ध सख्त रवैया अपनाया है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन एवं राजस्व बोर्ड की मंशा के विपरीत जनपद के पीठासीन अधिकारी बेहद लापरवाही बरत रहे हैं, जिसके कारण जनपद की स्थिति प्रदेश स्तर की जारी रैंकिंग में खराब हुई है। उन्होंने समस्त पीठासीन अधिकारियों से इस संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। धारा 34 में दायर वादों के निस्तारण हेतु 45 दिनों की समय सीमा निर्धारित है, परंतु बड़ी संख्या में समय सीमा के उपरांत भी जनपद के विभिन्न न्यायालयो में धारा 34 के तहत वादों का निस्तारण अभी भी लंबित है। बड़ी संख्या में निस्तारण हेतु लंबित वादों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करने हुए जिलाधिकारी ने समस्त पीठासीन अधिकारियों को इनका तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से 3 वर्ष से ऊपर के समस्त लंबित वादों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए हैं। इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा गया है कि निर्धारित समय सीमा 45 दिन के अंदर धारा 34 के वादों का निस्तारण न होने पर स्पष्ट एवं सही कारणों का उल्लेख करना आवश्यक है।अन्यथा की स्थिति में संबंधित पीठासीन अधिकारी जिम्मेदार होंगे तथा उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वादों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान कुछ पीठासीन अधिकारियों द्वारा धारा 34 में दायर वादों को अदम पैरवी में खारिज करने की प्रवृत्ति देखने को मिल रही है, जिसे शासन एवं राजस्व बोर्ड द्वारा प्रतिकूल रूप में लिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने समस्त पीठासीन अधिकारियों को धारा 34 में दायर वादों का निस्तारण गुण दोष के आधार पर ही करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अब पीठासीन अधिकारियों को लिखित में देना होगा कि धारा 34 में दायर वादो को 45 दिन के अंदर क्यों निस्तारित नहीं किया जा सका। जनपद के समस्त न्यायालयों में 45 दिन से 1 साल के बीच कुल 2343 वाद, 1 वर्ष से 3 वर्ष के बीच कुल 372 वाद, 3 वर्ष से 5 वर्ष के बीच 50 वाद तथा 5 वर्ष से भी अधिक समय के कुल 3 वाद धारा 34 के तहत अभी भी निस्तारण हेतु लंबित हैं। निधारित समय सीमा के इतने सालों के उपरांत भी वादों का निस्तारण न होना पीठासीन अधिकारियों के गंभीर लापरवाही का ही नतीजा है। जिसके .ष्टिगत जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित पीठासीन अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने चेतावनी के साथ कहा है कि अगर यथाशीघ्र पीठासीन अधिकारी अपनी कार्य शैली में सुधार नहीं लाते हैं तो सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले तीन पीठासीन अधिकारियों के विरुद्ध आख्या राजस्व बोर्ड एवं शासन को भेजी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने बिना ठोस आधार के आपत्तियां लेने अथवा अनावश्यक बार–बार आपत्ति हेतु अवसर प्रदान करने वाले तीन पीठासीन अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।




# शिक्षा व समाज सेवा के क्षेत्र में डॉ. रामविलास की अद्वितीय पहल

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। चौरी–चौरा विद्रोह के अमर शहीदों की स्मृति को समर्पित, शिक्षा एवं समाजसेवा के उद्देश्य तथा डॉ. भीमराव आंबेडकर के पे बैक टू सोसाइटी के विचार को साकार करते हुए गोल्ड मेडलिस्ट एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापक डॉ. रामविलास भारती के संयोजन में सम्मान समारोह, जगपूरनी देवी बरखू शैक्षिक समृद्धि छात्रवृत्ति वितरण एवं जन स्मृति में चौरी–चौरा विद्रोह विषयक शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली घोसी में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के संविधान को साक्षी मानते हुए शहीदों को नमन करते हुए मुख्य अतिथि वित्त एवं लेखाधिकारी मऊ नीरज कुमार द्विवेदी, अध्यक्ष पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक शिवचन्द राम, तथा प्रमुख अतिथि वित्त एवं लेखाधिकारी आजमगढ़ विश्वनाथ राम, पूर्व मुख्य प्रबंधक मुखराम सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ। इसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने सभी उपस्थितजनों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। मुख्य आयोजक डॉ. रामविलास भारती एवं विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ. भारती ने जन स्मृति में चौरी–चौरा विद्रोह विषय पर विचारोत्तेजक भूमिका प्रस्तुत करते हुए इसे भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की चेतना का आधार बताया। डॉ. रामविलास भारती के सौजन्य से 32 मेधावी एवं पूर्व छात्रों को जगपूरनी देवी बरखू शैक्षिक समृद्धि छात्रवृत्ति प्रदान की गई। यह छात्रवृत्ति डॉ. भारती द्वारा अपने व्यक्तिगत वेतन से दी जाती है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिवर्ष 1200 की सहायता स्नातक, परास्नातक अथवा पीएचडी पूर्ण होने तक प्रदान की जाती है। लाभार्थियों में जामवंत, अजय कुमार, राजन, पूजा चौहान, समीना, सानिया, आराधना, शालू भारती, सोनाली, करिश्मा, अमीषा, पुष्पांजलि, नीतू, गुंजा, नेहा, आयुषी, प्रियांशी, रंजना, खुशबू, चांदनी, सबा परवीन, धीरज, अंजलि, अर्जुन यादव, विजय लक्ष्मी सहित अन्य छात्र–छात्राएँ सम्मिलित रहीं। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्.ष्ट योगदान देने वाले समाजसेवियों में इसरो में वैज्ञानिक के रूप में चयनित आशीष भास्कर, ओमप्रकाश रंजन एवं योगेन्द्र चौहान (जेके आर्ट) को पौधा एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय में शत–प्रतिशत उपस्थिति, ड्रॉपआउट न्यूनतम रखने तथा शैक्षिक प्रगति में सहयोग देने वाली आर्थिक रूप से कमजोर 15 माताओं, अभिभावकों एवं नियमित उपस्थित विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। श्रेष्ठा परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों में सत्यम, शिवम, काजल (पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली) तथा आंचल एवं अभय (खत्रीपार) को मेडल एवं शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। मुख्य अतिथि नीरज कुमार द्विवेदी ने कहा कि डॉ. रामविलास भारती शिक्षा और समाज सेवा के जीवंत प्रतीक हैं। ऐसा विद्यालय मैंने अपने सेवाकाल में विरल ही देखा है। यह सभी के लिए अनुकरणीय है। बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना का विकास आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अध्यक्षीय संबोधन में शिवचन्द राम ने कहा कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरौली जनपद के अन्य विद्यालयों के लिए एक आदर्श उदाहरण है। डॉ. रामविलास भारती का कार्य शिक्षा के माध्यम से समाज परिवर्तन का सशक्त मॉडल प्रस्तुत करता है। विश्वनाथ राम ने छात्रवृत्ति को बाबासाहेब आंबेडकर के पे बैक टू सोसाइटी सिद्धांत का उत्.ष्ट उदाहरण बताया। खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने चौरी–चौरा विद्रोह को स्वतंत्रता आंदोलन का मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम का संचालन बृजेश यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. रामशिरोमणि, बालचंद्र, सच्चिदानंद यादव, शिवशंकर राम, विजय कुमार, विवेक रानू, रणविजय यादव, उमेश यादव, अरविंद यादव, विमल शौर्य, डॉ. तेजभान, नवीन राय, रायबहादुर जब्बार, ज्ञान प्रकाश चावला, सुनील कुमार, अनुज कुमार, अजित कुमार, विनय कुमार, रविकांत, शंशाक भारती, सीमांत भारती, संतरा यादव, पुष्पा, कमला यादव, बदामी, मनीषा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बाल विवाह में सेवाएं देने वाले टेंट हाउस व कैटरर्स पर लगाएं प्रतिबंध

## - मासिक एसजेपीयू की बैठक में दिए गए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में मासिक एसजेपीयू एवं जनपदीय बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न स्टेकहोल्डर्स की बैठक को आज अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाने तथा मानक संचालन प्रक्रिया को अपनाने पर बल दिया गया। यह भी बताया गया कि बाल विवाह में सेवाएं देने वाले टेंट हाउस एवं कैटरर्स पर प्रतिबंध लगाया जाए। बाल विवाह का मामला पाए जाने पर लड़की एवं लड़के के माता–पिता सहित विवाह संपन्न कराने वाले व्यक्तियों, टेंट हाउस तथा कैटरर्स के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बालश्रम मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतु निरंतर कार्यवाही पर जोर दिया गया। जनपद में हो रहे विवाह आयोजनों में टेंट हाउस एवं कैटरर्स द्वारा नाबालिग बच्चों से रात्रि में कार्य कराए जाने पर बाल कल्याण समिति द्वारा चिंता व्यक्त की गई तथा इसे रोकने हेतु टेंट हाउस एवं कैटरर्स के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता को देखते दिशा निर्देश दिए गए। गुमशुदा बच्चों को खोजने तथा उनकी सूचना समय से सीसीटीएनएस फॉर्म–8 एवं वात्सल्य पोर्टल में फीडबैक के साथ अपडेट किए जाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। बरामद बालिकाओं के नियमानुसार आंतरिक चिकित्सीय परीक्षण कराए जाने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया। महिला पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपराध से पीड़ित होने की स्थिति में आवश्यकता अनुसार काउंसलिंग कराते हुए आंतरिक चिकित्सीय परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए। पीड़िता के धारा 180 बीएनएसएस के अंतर्गत बयान केवल महिला उपनिरीक्षक या उससे ऊपर के अधिकारी द्वारा ही दर्ज किए जाएं। पीड़िता द्वारा दिए गए बयानों की पुष्टि कॉल रिकॉर्ड तथा परिजनों के बयानों से भी की जाए। पीड़िता जितने दिन बाहर रही, कहाँ–कहाँ रही, किसके साथ रही तथा उसके साथ क्या अपराध हुआ। इन सभी तथ्यों से संबंधित पर्याप्त एवं सुसंगत साक्ष्य संकलन किए जाने हेतु विवेचकों को निर्देशित किया गया। ऐसी बालिकाएं जो चार माह से अधिक समय से बरामद नहीं हुई हैं, उनके मामलों में उनके लैंगिक शोषण की संभावना मानते हुए विवेचना में एएचटीयू द्वारा कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। सीएनसीपी श्रेणी के सभी प्रकार के पीड़ित बच्चों की गोपनीयता बनाए रखते हुए उन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उनके संरक्षण, देखरेख एवं पुनर्वास को सुनिश्चित किया जाए। सीसीएल श्रेणी के ऐसे किशोर जिनके द्वारा कोई अपराध कारित किया गया है, उनके मामलों में नियमानुसार फॉर्म–1 भरकर किशोर न्याय बोर्ड को भेजा जाए। सात वर्ष तक की सजा वाले अपराधों में अपचारी किशोर के विरुद्ध आरोप–पत्र दाखिल करने के बजाय फॉर्म–1 के माध्यम से जेजेबी चालान किया जाए। 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी किशोर के विरुद्ध किसी भी प्रकार की निरोधात्मक कार्यवाही नहीं की जाए। चरित्र सत्यापन के समय यह सुनिश्चित किया जाए कि यदि अपराध 18 वर्ष से कम आयु में कारित किया गया हो, तो किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार ही कार्यवाही एवं सत्यापन किया जाए। समीक्षा बैठक में अभियोजन अधिकारी, श्रमप्रवर्तन अधिकारी, सदस्य बाल कल्याण समिति, सदस्य जिला प्रोबेशन विभाग, सदस्य बाल संरक्षण विभाग, मुख्य चिकित्साधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन, समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, आरपीएफ, जीआरपी, थाना एएचटी, एसजेपीयू, वन स्टॉप सेन्टर, साथी उत्तर प्रदेश संस्था तथा ग्रामीण स्वावलंबन समिति, ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान के सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।



# जनपद में कल से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जनवरी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 08 से 26 फरवरी तक होगा। वितरण अवधि में अन्त्योदय कार्डो पर 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न प्रति कार्ड (21 कि.ग्रा. चावल व 14 कि.ग्रा. गेहूं) एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। वितरण की अन्तिम तिथि 26 फरवरी को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता हैं कि उक्त वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई–पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाकर ई–वेइंग स्केल मशीन से खाद्यान्न तौल करते हुए तत्समय ही लाभार्थी को खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण करें। यदि किसी विक्रेता के वितरण विरूद्ध वितरण में अनियमितता किये जाने की शिकायत प्राप्त होती है, तो विक्रेता के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# बेसिक शिक्षा विभाग की सीडीओ ने ली समीक्षा बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेष चन्द्र की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीडीओ ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि निपुण शिक्षा मिशन अन्तर्गत विकसित किये गए प्रेरणा, दीक्षा, रीड–ए–लान्ग, समर्थ इत्यादि ऐप पर वांछित सूचनाओं को अद्यतन रखने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया जाए। मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सीडीओ ने डीसी मनरेगा को निर्देष दिये कि विद्यालयों में समूह सखी के माध्यम से दूध व चिक्की की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। साथ ही फल का वितरण समय से हो तथा मध्यान्ह भोजन भी निर्धारित मैन्यू के अनुसार बच्चों का परोसा जाए। सीडीओ ने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के भी निर्देष दिया। साथ ही केजीबीवी निर्माण कार्य में टाइट फन्ड का पैसा खर्च करने के भी निर्देश दिये। उन्होनें बीएसए को निर्देश दिया कि सत्र शुरू हो गये है प्रत्येक विद्यालयों में लाइट कनेक्षन सुचारू रूप से दिया जाय। सीडीओ ने यह भी निर्देश दिया कि विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिले। सीडीओ ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बच्चियों के कपड़े सुखाने की व्यवस्था के लिए 10–10 हैंगर लगाये जाने के भी निर्देश दिये। जिन विद्यालयों में टायलेट निर्माण कार्य अधूरा उसे शीघ्र पूर्ण कराया जाय। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, बीएसए आशीष कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# एक दिवसीय जनपद स्तरीय नैनो उर्वरक कार्यशाला आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। कृषि भवन सभागार में भारत सरकार द्वारा संचालित धरती माता बचाओ अभियान के तहत एक दिवसीय जनपद स्तरीय नैनो उर्वरक कार्यशाला सह एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के समस्त सहायक विकास अधिकारी कृषि एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद की उप .षि निदेशक एवं जिला .षि अधिकारी सोम प्रकाश गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि इफको के वरिष्ठ प्रबंधक डॉ बीके सिंह, .षि वैज्ञानिक प्रशांत देव सिंह पिलखी एवं अपर जिला .षि अधिकारी सौरभ सिंह, अपर भूमि संरक्षण अधिकारी, मंगल सिंह मृदा परीक्षण प्रभारी प्रभात पांडेय इफको प्रतिनिधि वीरू कुमार सिंह एवं इफको बाजार प्रभारी घोषी प्रभात त्रिपाठी सहित 70 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इफको द्वारा नैनो उर्वरक पर चर्चा परिचर्चा की गई। विशिष्ट अतिथि इफको अधिकारी द्वारा नैनो यूरिया के प्रयोग एवं नैनों डीएपी के प्रयोग के बारे में विस्तृत चर्चा किया गया एवं साथ ही रसायनिक उर्वरक से धरती माता को बचाने के लिए इसको वैकल्पिक उर्वरक के बारे में प्रयोग करने हेतु सुझाव दिया गया। मंच का संचालन बीरु सिंह के द्वारा किया गया।

# नरैनी के 3.36 लाख लोगों को खिलाएंगे फाइलेरिया की दवा

## - 10 से 28 फरवरी तक चलेगा आईडीए अभियान

## - कालिंजर उत्सव में भी 15 से 17 तक कैम्प लगाकर सभी आगुंतकों को खिलाई जाएंगी दवा



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रदेश फाइलेरिया उन्मूलन की ओर अग्रसर है। जिले के नरैनी ब्लाक को भी इस बीमारी से मुक्त कराना है। इसलिए ब्लाक के सभी पात्र तीन लाख 36 हजार लोगों को 10 से 28 फरवरी के बीच चलने जा रहे सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान के दौरान फाइलेरियारोधी दवाएं खिलानी है। यही फाइलेरिया जैसी गंभीर व दीर्घकालिक बीमारी से बचाव का एकमात्र उपाय है। अभियान के तहत फाइलेरियारोधी दवाएं आईवरमेक्टिन, डीईसी और एल्बेंडाजोल, स्वास्थ्यकर्मियों के सामने खिलाई जाएंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेंद्र सिंह ने शुक्रवार को आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 51 जिलों के 782 ब्लाक में फैली यह बीमारी अब सिमट रही है। इस बार के आईडीए अभियान में 21 जिलों के 64 ब्लाक में ही यह अभियान चलाया जा रहा है। इसमें जिले का नरैनी ब्लाक भी है। हमें अपने जिले से इस बीमारी को भगाना है। इसका एक ही तरीका है कि एक साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व अत्यंत गंभीर मरीजों के अलावा सभी लोग स्वधर्म समझकर फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करें। उन्होंने बताया कि कालिंजर उत्सव में भी 15 से 17 फरवरी तक कैम्प लगाकर मेले में आने वाले सभी लोगों को दवा खिलाई जाएगी। इसके अलावा 17 फरवरी को फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित की जाएगी। जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार ने बताया कि फाइलेरिया, (हाथीपांव) मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाला संक्रामक तथा दिव्यांगता उत्पन्न करने वाला रोग है। पहले यह जिले के 10 ब्लाक में फैला था लेकिन दवा सेवन का उच्च कवरेज प्राप्त होने के कारण नौ ब्लाक में प्रसार काफी कम हो गया है, इसलिए इस बार सिर्फ नरैनी ब्लॉक में आईडीए अभियान संचालित किया जा रहा है। बघेलाबारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ रोशनी ने बताया कि उनका समूह लगातार आसपास के गांव में लोगों में जागरूकता फैलाता है। वे न सिर्फ फाइलेरिया बल्कि ट्यूबरक्लोसिस समेत अन्य रोगों के प्रति भी लोगों को जागरूक करते हैं। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. लाल दिवाकर सिंह ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए कम से कम 90 प्रतिशत पात्र आबादी का दवा सेवन आवश्यक है, क्योंकि अधिकतर संक्रमित व्यक्ति लक्षणहीन वाहक होते हैं और अनजाने में संक्रमण फैलाते रहते हैं। कार्यशाला में एसीएमओ वीबीडी डॉ. आरएन प्रसाद भी मौजूद रहे।

***इनसेट–***

### किसी और को न हो ऐ रोग

बदौसा गांव से आए फाइलेरिया मरीज दिलीप कुमार ने बताया कि उन्हें 25 साल पहले हाथीपांव हो गया था। बहुत इलाज कराया लेकिन ठीक नहीं हुआ। अब तो बस एक ही लक्ष्य है कि किसी और को यह रोग न

# एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा 06 फरवरी को पुलिस कार्यालय में नियमित रूप से आयोजित होने वाली



जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी–अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। एसएसपी ने सभी शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और फरियादियों को न्यायोचित एवं प्रभावी निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से सीधे वार्ता कर प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि फरियादियों की समस्याओं का तत्परता से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना इटावा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई की इस व्यवस्था से आमजन को अपनी बात सीधे पुलिस प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिल रहा है, जिससे शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बन रही है।

# ऑपरेशन कन्विक्शन : पुलिस की पैरवी से आर्म्स एक्ट में सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो




इटावा। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप एक पुराने आपराधिक मामले में न्यायालय से सजा सुनिश्चित कराई गई है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में की गई। न्यायालय द्वारा सुनवाई के उपरांत थाना कोतवाली पर पंजी.त मु0अ0सं0 674/2015 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के अभियोग में अभियुक्त सुभाष पुत्र बेचेलाल निवासी कटरा बलसिंह थाना कोतवाली को दोषी ठहराया गया। न्यायालय एसीजेएम ने अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि की सजा एवं 500 के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय के इस निर्णय को पुलिस और अभियोजन की सशक्त पैरवी का परिणाम माना जा रहा है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान का उद्देश्य लंबित मामलों में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाना है, जिससे अपराध पर अंकुश लगे और कानून व्यवस्था और अधिक सुढ़ हो सके।

# परिषदीय विद्यालयों में 10 दिन तक हुआ निपुण आकलन सर्वे

न्यूज वाणी ब्यूरो



रायबरेली। जनपद स्थित डायट के डीएलएड प्रशिक्षु बीती 27 जनवरी से निपुण आकलन सर्वे कर रहे हैं। दो प्रशिक्षुओं की एक टीम बतौर फील्ड इन्वेस्टिगेटर लगाई गई है। प्रशिक्षुओं द्वारा दस दिनों में जिले के 1937 विद्यालयों में आकलन किया गया है। आकलन सर्वे के अंतिम दिन भी विभिन्न विद्यालयों में निपुण लक्ष्य एप के माध्यम से बच्चों में गणित व भाषा की समझ को परखा गया। डायट में टेक्निकल एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहे ऋषभ, हेमंत रमन, प्रखर चौरसिया, गौरव अवस्थी, गौरव पाठक, आशीष कुमार, कुलदीप वर्मा व सर्वेश ने तकनीकी समस्याओं को राज्य स्तर पर गठित विद्या समीक्षा केंद्र पर बात कर हल कराया। प्रदेश के सभी जनपदों में सर्वे होने के पश्चात निपुण आकलन परिणाम की सूची राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा जारी की जाएगी। जनपद में निपुण सर्वे के नोडल व डायट प्रवक्ता अभिवेक श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में 27 जनवरी से 6 फरवरी तक 10 दिनों में शासन द्वारा आवंटित समस्त विद्यालयों में आकलन सम्पन्न किया गया। आकलन के लिए डायट प्रशिक्षुओं की 143 टीमें लगाई गई थीं।

# एसपी ने सुनी जनता की समस्याएं

## - त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आम जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों द्वारा प्रस्तुत




शिकायतों पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान पुलिस की प्राथमिकता है तथा प्रत्येक फरियादी को न्याय दिलाना पुलिस का कर्तव्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और पीड़ितों को संतुष्टि पूर्ण समाधान प्रदान किया जाए। जनसुनवाई के दौरान पुलिस प्रशासन की संवेदनशीलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस पहल से आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास और सहयोग की भावना और अधिक सु.ढ़ होगी।




# मिशन शक्ति टीम ने वैदपुरा चौराहे पर महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत जनपद पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य



एवं जागरूकता को लेकर निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को थाना वैदपुरा पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम ने वैदपुरा चौराहा पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत पंपलेट वितरित किए गए तथा उपस्थित महिलाओं और छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा उपायों और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, उत्पीड़न, साइबर ठगी या स्वास्थ्य संकट की स्थिति में संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत संपर्क करना चाहिए। महिलाओं और बालिकाओं को निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विशेष रूप से अवगत कराया गया पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य एंबुलेंस 102 व 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, स्च्छ गैस रिसाव 1906 तथा उपभोक्ता अधिकार हेल्पलाइन 1915। इसके अतिरिक्त टीम ने महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी, जिनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन तथा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना प्रमुख रहीं। पुलिस टीम ने संदेश दिया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है। महिलाओं और बालिकाओं से अपील की गई कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाएँ, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी अपने परिवार और मित्रों के साथ साझा करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक पुलिस से संपर्क करें। छात्र–छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, आत्मनिर्भर बनने और सरकारी योजनाओं के माध्यम से अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम क्षेत्र में सराहा गया और महिलाओं ने पुलिस टीम के इस प्रयास की प्रशंसा की।

# बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की गई चेक

## - पुलिस का विशेष अभियान, बैंक व वित्तीय संस्थानों का हुआ निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों, थानाध्यक्षों एवं चौकी प्रभारियों द्वारा शुक्रवार को अपने–अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बैंक परिसरों के अंदर एवं बाहर की सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा गार्ड की तैनाती, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यशीलता को परखा गया। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि सभी सुरक्षा उपकरण सही



ढंग से कार्य कर रहे हों तथा किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पुलिस टीम द्वारा संबंधित बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि बैंक परिसर में आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखें तथा किसी भी असामान्य गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें। इसके अतिरिक्त बैंक कर्मचारियों एवं वहां मौजूद आमजन को भी जागरूक किया गया कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति या संदिग्ध वस्तु की जानकारी तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराएं। इस पहल का उद्देश्य बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा को मजबूत करना तथा संभावित अपराधों की रोकथाम सुनिश्चित करना है। पुलिस द्वारा चलाया गया यह विशेष निरीक्षण अभियान जनसुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिसकी स्थानीय नागरिकों एवं बैंक अधिकारियों ने सराहना की।

# जागरुकता कार्यक्रम में वैज्ञानिक व्याख्या से किया अंधविश्वास पर वार

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य एवं जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में बाल कल्याण इंटर कॉलेज, सिरसागंज में अन्धविश्वासों के विरुद्ध जनपद स्तरीय वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधक रवी यादव, प्रधानाचार्या आकांक्षा यादव एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ नगर पालिका परिषद सिरसागंज की अध्यक्ष रंजना गुरुदत्त सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रताप सिंह, जिला मंत्री विपिन शिवहरे, सत्यभान सिंह, पुनीत यादव, रवी यादव एवं अश्वनी कुमार जैन द्वारा फीता काटकर उदघाट्न किया गया। सभी अतिथियों ने सभी बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों, पोस्टरो का अवलोकन किया एवं उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रंजना गुरुदत्त सिंह ने सभी बाल वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक नवाचार को अग्रसर करने के लिए प्रेरित किया। प्रताप यादव ने सभी बाल वैज्ञानिकों के मॉडलों एवं पोस्टर की प्रशंसा करते हुए ऐसे अच्छे कार्यों को नवीन दिशा प्रदान करने के लिए जिला विज्ञान क्लब, के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विपिन शिवहरे ने भी अन्धविश्वासों के प्रति जागरूक भी किया। संभल से पधारे विज्ञान संचारक राजू यादव ने विज्ञान के विभिन्न चमत्कारों की प्रायोगिक व्याख्या करते हुए पानी का दीपक जलाना, ग्लिसरीन और पोटैशियम परमैगनेट से बिना माचिस के हवन कुंड में आग जलाना, आग से खेलना, मुख में अग्नि प्रज्वलित करना, लोटे को उठाना, भूत प्रकट करना, तलवार को मुख में प्रवेश कराना, पानी गायब करना आदि को दिखाया, उनके चमत्कारों को देखकर अभिभावकों, ग्रामीणों के साथ विद्यार्थी भी आश्चर्यचकित रह गए। व्याखानकर्ता रत्नेश कुलश्रेष्ठ ने वैज्ञानिक व्याख्या से अंधविश्वास पर वार किया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के कुल 78 छात्र– छात्राओं ने 40 मॉडल प्रस्तुत किए। जिसमें



मोमबत्ती बुझने पर पानी ऊपर चढ़ना, आग जलन, लोटे से पानी, अंधविश्वास एवं विज्ञान से सम्बंधित मॉडल प्रस्तुत किए। इसके साथ ही 132 विद्यार्थियों ने अंधविश्वास के विरुद्ध आकर्षक एवं जागरूक पोस्टर प्रस्तुत किए। विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में 48 प्रतिभागियों ने अपने प्रस्तुति से सभी को चकित कर दिया। निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन श्रीमती सरिता सिंह, डॉ दिनेश चाहर एवं सतवीर सिंह ने किया। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान वाशु देव, द्वितीय स्थान कु दिव्यांशी, तृतीय स्थान सुगम एवं दीक्षा ने प्राप्त किया। विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रशान्त, द्वितीय स्थान अनन्या सिंह एवं तृतीय स्थान दिव्यांशी ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को जिला विज्ञान क्लब की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन अश्वनी कुमार जैन ने किया। सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रबंधक रवी यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष श्रीमती सरोज शर्मा, लोक अदालत सदस्य सीता राम शर्मा, अंशुल खंडेलवाल, कमल यादव, ब्रजमोहन यादव, डॉ सुखेन्द्र यादव, दिलीप जादौन, दीपक जादौन, धर्मेन्द्र सिंह, ललिता वशिष्ठ, अभय पचौरी, रहीसुद्दीन, मंगेश एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# आवास-विकास व खलील नगर में दिनदहाड़े घरों में घुसे चोर

## - शोर-शराबा सुनकर मुहल्लेवासियों ने चोर को दबोचा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र में लगातार दो दिन से पुलिस से



बेखौफ चोर दिन–दहाड़े आवास–विकास व खलील नगर में चोरों ने दहशत पैदा कर दी है। लगातार दो दिन से हो रही घटनाओं ने कोतवाली पुलिस की कार्यशैली की पोल खोल दी है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को आवास विकास निवासी महबूब अली रोजाना की तरह सुबह घर में तालाबंदी कर अपने आफिस चले गए। उनके घर में दोपहर को दो चोर चाहार दीवारी फांद कर घुस गए और कटर से लोहे के दरवाजे का ताला काटने लगे। इस बीच मोहल्ला के किसी व्यक्ति ने उन्हें देख लिया। शोर मचाया तो काफी लोग मौके पर पहुंच गए और दोनों चोरों को पकड़ लिया। स्थानीयों ने पुलिस को फोन कर बुलाया और दोनों चोरों को उन्हें सौंप दिया। मोहल्ले वालों से जानकारी मिलते महबूब अली भी घर पहुंचे। उन्होंने बताया कि चोर इन्वर्टर बैटरी आदि ले जाने का प्रयास किया, लेकिन मोहल्ले वालों ने पकड़ लिया तो सामान चोरी होने से बच गया। इसी तरह बीते गुरुवार को दिन के लगभग ढ़ाई बजे खलील नगर निवासी सुहैल अहमद के सूने घर का ताला तोड़ कर चोर घर का काफी सामान उठा ले गए। तीन बजे के करीब जब घर की महिलाएं आईं तो घटना की जानकारी हुई। लगातार चोरी की दिन–दहाड़े हुई घटनाओं से स्थानीयों में दहशत का माहौल है। चर्चा है कि कोतवाली पुलिस की निष्क्रियता के चलते ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं।

# फतेहपुर स्पोर्टिंग फुटबाल क्लब ने सूरज फुटबॉल क्लब को 1-0 से हराया

## - डायट के खेल मैदान में चले फुटबाल लीग टूर्नामेंट का समापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के खेल मैदान में 29 जनवरी से 05 फरवरी तक चले फुटबॉल लीग टूर्नामेंट का षुक्रवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता जिले में खेल संस्ंति को बढ़ावा देने और युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

फुटबॉल लीग टूर्नामेंट में कुल आठ फुटबॉल टीमों ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना और उत्ष्ट तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रत्येक लीग मुकाबला दर्शकों के लिए रोमांचक रहा और खेल मैदान तालियों व उत्साह से गूंजता रहा। आज खेले गए फाइनल मुकाबले में सूरज फुटबॉल क्लब व फतेहपुर स्पोर्टिंग फुटबॉल क्लब के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फतेहपुर स्पोर्टिंग फुटबॉल क्लब ने 1–0 गोल से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। उपविजेता टीम सूरज फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों ने भी अंतिम क्षण तक संघर्ष करते हुए प्रशंसनीय प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन राजकुमार मौर्य ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल एवं पुरस्कार प्रदान किए। श्री मौर्य ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक




विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और ऐसे आयोजनों से जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होने सभी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के फुटबॉल टूर्नामेंट न केवल युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं, बल्कि उनमें टीम वर्क, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करते हैं। खेल आयोजन में जिला खेल संघ के अध्यक्ष बीपी पांडेय, मीडिया मैनेजर अजय सिंह चौहान, प्रदीप कुमार पांडेय, सभासद शादाब, कोच अंसार अहमद एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# साइबर सेल ने बरामद मोबाइल मालिक को किया सुपुर्द

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभय नाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जनपद की साइबर सेल लगातार आमजन को राहत दिलाने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी अभय नारायण राय के नेतृत्व में साइबर सेल को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत, कोतवाली प्रभारी यशवंत सिंह के नेतृत्व में तथा इंस्पेक्टर कोतवाली .ष्ण मुरारी (क्राइम) एवं साइबर सेल में तैनात कांस्टेबल आकाश यादव द्वारा कुशल तकनीकी प्रयासों के माध्यम से एक खोया हुआ मोबाइल फोन बरामद किया गया। यह मोबाइल लगभग दो माह पूर्व गुम हो गया था, जिसकी शिकायत मिलने के बाद साइबर सेल द्वारा लगातार तकनीकी सर्विलांस और ट्रैकिंग की जा रही थी। साइबर टीम की सतर्कता और मेहनत रंग लाई और मोबाइल को सफलतापूर्वक ट्रेस कर बरामद कर लिया गया। बरामद मोबाइल रामखिलावन निवासी मोहल्ला लालपुर को विधिवत सुपुर्द कर दिया गया। अपना खोया मोबाइल वापस मिलने पर रामखिलावन ने पुलिस और साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया। इस सराहनीय कार्य के लिए थाना कोतवाली पुलिस एवं साइबर सेल की भूरि–भूरि प्रशंसा की जा रही है। इटावा पुलिस द्वारा लगातार साइबर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान से जनता में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम होने या किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल नजदीकी थाना, साइबर सेल या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। साथ ही अपने मोबाइल फोन में मजबूत पासवर्ड, स्क्रीन लॉक एवं आवश्यक सुरक्षा फीचर्स का उपयोग अवश्य करें, जिससे साइबर अपराधों से बचाव किया जा सके।

# मेहनत का मिला सम्मान, राजेश कुमार बने निरीक्षक नागरिक पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। जनपद में पुलिस विभाग में पदोन्नति का सुखद अवसर देखने को मिला, जब एक उपनिरीक्षक को निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत किया गया। यह पदोन्नति पुलिस उपमहानिरीक्षक स्थापना मुख्यालय, पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश संख्या पाँच–47 (वरिष्ठता–पदोन्नति)/2025 02 फरवरी के क्रम में प्रदान की गई। उक्त आदेश के अनुपालन में जनपद में नियुक्त उपनिरीक्षक राजेश कुमार मौर्या (नियुक्ति थाना कोतवाली) को निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर प्रोन्नत किया गया। शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान उन्हें कंधे पर स्टार लगाकर पदोन्नति की शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर एसएसपी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उनकी कार्यशैली, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पदोन्नति के इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। यह पदोन्नति न केवल संबंधित अधिकारी के लिए गौरव का विषय है, बल्कि अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है कि कर्तव्यपरायणता और उत्ष्ट कार्य के माध्यम से विभाग में सम्मान और उन्नति प्राप्त की जा सकती है।

# फाइलेरिया उन्मूलन व एचआईवी को लेकर कलेक्ट्रेट में हुई समीक्षा बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत फायलेरिया उन्मूलन अभियान एवं एचआईवी/ एड्स नियंत्रण कार्यक्रम को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने की। बैठक में बताया गया कि ब्लॉक बहुआ में फायलेरिया उन्मूलन अभियान 10 फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए माइक्रोप्लान के अनुसार विभागीय समन्वय के साथ कार्य करने तथा शत–प्रतिशत नागरिकों को मानक के अनुरूप दवा खिलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही फायलेरिया उन्मूलन के लिए व्यापक प्रचार–प्रसार पर भी जोर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि फायलेरिया एक वेक्टर जनित रोग है, जिसके नियंत्रण के लिए साफ–सफाई, जलभराव की रोकथाम और मच्छर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि राशन वितरण के समय भी दवा सेवन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही भ्टध्एड्स समन्वय समिति की बैठक में बताया गया कि नाको (भारत सरकार) के दिशा–निर्देशों के अनुसार चिन्हित हाई एवं मॉडरेट एचआईवी प्रिवेलेंस हॉट स्पॉट क्षेत्रों में 05 फरवरी से 15 मार्च 2026 के मध्य एकीकृत स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में सामान्य स्वास्थ्य जांच, एचआईवी/एड्स परीक्षण, परामर्श, दवा वितरण, टीबी एवं हेपेटाइटिस जांच सहित अन्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव नयन गिरी, जिला मलेरिया अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# अप्रेन्टिशिप मेला नौ को

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि 09 फरवरी को प्रधानमंत्री अप्रेन्टिशिप मेला एवं 13 फरवरी तक दिव्यांगजन रोजगार मेला का आयोजन नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर में किया जा रहा है। जिसमें जनपद एवं प्रदेश स्तर की प्रतिष्ठित कम्पनियां प्रतिभाग कर साक्षात्कार के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों का चयन कर उक्त योजना के तहत योजित करेंगी। रोजगार मेले में दिव्यांगजन, 10 वीं, 12 वीं, आई०टी०आई० तथा कौशल प्रशिक्षण प्राप्त उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।

# जय-बीरू देख लोग हुए गदगद

न्यूज वाणी ब्यूरो /खागा, फतेहपुर। तहसील परिसर में शुक्रवार को एक अनोखा और भावुक कर देने वाला .श्य देखने को मिला, जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। तहसील परिसर में दिनभर दो जानवरों की गहरी दोस्ती चर्चा का विषय बनी रही। एक कुत्ता और एक बंदर की जोड़ी को देखकर लोगों को फिल्म शोले के प्रसिद्ध किरदार जय और बीरू की याद आ गई।सुबह के समय दोनों जानवर परिसर में पड़े अनाज के दानों को बीनकर खाते नजर आए। खास बात यह रही कि दोनों एक–दूसरे का पूरा ध्यान रखते हुए भोजन कर रहे थे। कभी कुत्ता दाना खाता तो बंदर शांत होकर उसके खत्म होने का इंतजार करता और फिर अपनी बारी आने पर दाने चुनकर खाने लगता। इसी तरह जब बंदर खाता, तो कुत्ता धैर्यपूर्वक उसके रुकने का इंतजार करता। इस आपसी समझ और सौहार्द ने लोगों को काफी प्रभावित किया। अधिवक्ता अष्वनी, राहुल और अरुण ने बताया कि इस .श्य को देखकर तहसील में मौजूद कर्मचारी, वकील और फरियादी भी कुछ देर के लिए रुक गए और मोबाइल से तस्वीरें व वीडियो बनाने लगे। लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बन गया कि जब इंसान कई बार आपसी मतभेद में उलझ जाते हैं, तब जानवरों की यह दोस्ती हमें सहनशीलता और सहयोग का संदेश देती है। इस अनोखी दोस्ती ने न केवल तहसील परिसर का माहौल खुशनुमा बना दिया, बल्कि लोगों को आपसी प्रेम, भाईचारे और धैर्य की सीख भी दी। दिनभर यह .श्य लोगों के बीच चर्चा का केंद्र बना रहा।

# अंग्रेजी शराब की दुकान में सेंध लगाकर चोरी

## – सेल्समैन ने कोतवाली में दी तहरीर

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के बाकरगंज स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में गुरूवार की रात चोरों ने सेंध काटकर नगदी व अंग्रेजी शराब चोरी कर ली। जब सेल्समैन सुबह दुकान पहुंचा तो चोरी की जानकारी हुई। सेल्समैन ने चोरी की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दी गई तहरीर में सेल्समैन प्रेमलखन श्रीवास्तव पुत्र भाश्कर प्रसाद निवासी बेलदरइया ने बताया कि वह शराब की कंपोजिट दुकान बाकरगंज का सेल्समैन है। पांच फरवरी को रात्रि दस बजे दुकान बंद करके घर चला गया था। शुक्रवार की सुबह प्रातः दस बजे दुकान पहुंचा तो देखा कि दुकान के पश्चिम दीवार में सेंधमारी की गई है। दुकान खोलकर देखा तो गुल्लक में रखा 6800 रूपए व सत्रह हजार रूपए की शराब चोरों ने चोरी कर ली है। पीड़ित सेल्समैन ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करके कार्रवाई किए जाने की मांग की है।


# आकाश शुक्ला बने युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष



न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस (पूर्वी) की विस्तारित कमेटी को तत्काल प्रभाव से मंजूरी देते हुए आकाश शुक्ला को जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से जिले में युवा कांग्रेस संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। आकाश शुक्ला का छात्र राजनीति से लेकर संगठन तक का सफर लगातार सक्रिय रहा है। उन्होंने वर्ष 2009 में एनएसयूआई छात्र संघ से राजनीति की शुरुआत की। इसके बाद वर्ष 2017 में बिंदकी विधानसभा क्षेत्र में युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। संगठन में सक्रिय भूमिका और समर्पित कार्यशैली के चलते वर्ष 2021 में उन्हें युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी में स्थान मिला। लगातार संगठनात्मक अनुभव और जमीनी पकड़ को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए अब फतेहपुर जिले की कमान सौंपी है। आकाश शुक्ला जाफराबाद, बिंदकी के निवासी हैं। उनकी नियुक्ति पर जिले भर के कांग्रेस व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है और उन्हें बधाइयाँ देने का सिलसिला जारी है। पार्टी नेतृत्व को विष्वास है कि उनके नेतृत्व में युवा कांग्रेस में युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाएगी और संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी।

# हनुमान मंदिर में भंडारा, भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। शहर के मुराइनटोला स्थित हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आने जाने वाले लोगों ने लाइन में लगकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले हनुमान जी के मंदिर में हवन पूजन किया और



हनुमान जी को भोग लगाया। इसके बाद भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि उनके पति की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर यह भंडारा आयोजित किया गया है। यह भंडारा आगे भी अनवरत आयोजित किया जाता रहेगा और लोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस दौरान आलोक रंजन, आदर्श रंजन, आकांक्षा, अंकित, अभिषेक श्रीवास्तव, अनमोल, अलका, रुनझुन, आशीष, आदित्य श्रीवास्तव, सच्चन श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो /फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत जहानाबाद थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। जानकारी के अनुसार थाना जहानाबाद पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त एवं चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर एक युवक को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। गिरतार अभियुक्त ने अपना नाम निजामुद्दीन पुत्र सहाबुद्दीन, निवासी ग्राम लहुरा सराय थाना जहानाबाद बताया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध थाना जहानाबाद में मु0अ0सं0 13/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर उसे आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय भेज दिया है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक रामकृपाल, कांस्टेबल कृष्णचन्द्र शिवहरे एवं अजय कुमार शामिल रहे।

# मंडलायुक्त ने किलकारी क्रेच का फीता काटकर किया शुभारंभ

## - बच्चों के बचपन को अच्छे से संवारा व संवेदनशीलता के साथ की जाए देखभाल
## - चॉकलेट पाकर मुस्कुराते नजर आए बच्चे, मंडलायुक्तमैडम को बोला थैंक्यू

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मंडलायुक्त प्रयागराज मंडल प्रयागराज सौम्या अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित किलकारी क्रेच का फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही परिसर का स्थलीय जायजा लिया। किलकारी क्रेच में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों के बच्चों के देखभाल व खेलने के लिए बनाया गया है। जिससे अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्य करने के साथ ही उनके बच्चों का सही तरीके से देखभाल हो सकेगी। किलकारी क्रेच में मौजूद बच्चों को मंडलायुक्त ने बच्चों को दुलारते हुए चॉकलेट दी और कहा कि बच्चों के बचपन को अच्छे से संवारा जाय और उनकी देखभाल भी संवेदनशीलता के साथ की जाये। बच्चे भी चॉकलेट पाकर मुस्कुराते नजर आए, बच्चे अपनी जुबानी में मंडलायुक्त मैडम को थैंक्यू बोला। मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट परिसर में ही राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के दृष्टिगत बनाए गए आकांक्षा हाट का अवलोकन किया और कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने का यह एक अच्छा माध्यम है, जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कुछ उत्पाद स्वयं निर्मित करती है कि बिक्री की जाती है, जिससे महिलाओं की आमदनी बढ़ती है और महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही



है। इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार ने स्वयं सहायता समूह को कि महिलाओं द्वारा उत्पादों की निर्मित टोकरी दी, जिसकी उन्होंने भूरि–भूरि प्रशंसा की और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल प्रयागराज जयजीत कौर होरा, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# पांच लाख की चोरी का खुलासा, एक अभियुक्त गिरफ्तार

## - जेवरात बरामद, दो फरार अभियुक्तों की तलाश में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली पुलिस



ने चोरी की एक बड़ी घटना का सफल अनावरण करते हुए लगभग पांच लाख रुपये कीमत के सोने–चांदी के जेवरात के साथ एक अभियुक्त को गिरतार किया है। इस मामले में दो अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय, एसओजी प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार यादव व इंटेलीजेंस विंग के उपनिरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा अपनी–अपनी टीमों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर एहसान पुत्र हलीम निवासी वारसी मैरिज हाल के पीछे अरबपुर को शुक्रवार की सुबह लोधीगंज पुल के पास अजगवां मोड़ से कुछ पहले गिरतार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक जोड़ा कान की झुमकी, मांग की बेंदी, अंगूठी, गले का हार, दस सफेद धातु की अंगूठी, चार छल्ले सहित सोने–चांदी के कई जेवरात बरामद किए गए हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रूपए बताई गई है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार वादी आरिफ पुत्र बाबू निवासी ननकू मैदान पीरनपुर की तहरीर पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने अभियुक्त को गिरतार कर चोरी का माल बरामद किया। इस प्रकरण में फैजान पुत्र जावेद अहमद, यासीन पुत्र मोहम्मद रशीद निवासीगण अरबपुर फरार हैं। पुलिस टीम उनकी गिरतारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में सदर कोतवाली उपनिरीक्षक रीतेश कुमार राय, संदीप कुमार, कांस्टेबल श्यामवीर, अमित कुन्तल, कुलदीप सिंह, एसओजी के हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र कुशवाहा, कांस्टेबल अभिमन्यु सिंह पटेल, इंटेलीजेंस विंग के हेड कांस्टेबल पंकज दुबे, मनोज कुमार मौर्य, कांस्टेबल पवन कुमार, विकास व हरीश शामिल रहे।

# जनपद में बहू-बेटी सम्मेलन, महिलाओं में बढ़ा सुरक्षा का भाव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा मिशन शक्ति फेज–5.0 के अंतर्गत व्यापक स्तर पर बहू–बेटी सम्मेलन एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अभियान के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को नारी सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध, स्वावलंबन, सरकारी योजनाओं एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों द्वारा चौपाल, विद्यालय, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं ग्रामीण इलाकों में संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं से सीधा संवाद किया गया तथा पंपलेट वितरित किए गए। थाना हुसैनगंज क्षेत्र के ग्राम कढ़ीवा में चौपाल लगाकर महिलाओं को महिला अपराधों, हेल्पलाइन नंबरों एवं निडर होकर आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया। महिला थाना टीम द्वारा राधानगर क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए एंटी–रोमियो चेकिंग की गई तथा ग्राम रमवां में बहू–बेटी सम्मेलन आयोजित किया गया। बिंदकी थाना टीम ने सोहनलाल द्विवेदी इंटर कॉलेज एवं आसपास के क्षेत्रों में छात्राओं को जागरूक किया। जहानाबाद थाना क्षेत्र में आयोजित सम्मेलन में कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान भारत, निराश्रित महिला पेंशन, राष्ट्रीय पोषण मिशन, स्वयं सहायता समूह एवं बैंकिंग सखी जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। खागा, हथगांव एवं बकेवर थाना क्षेत्रों में विद्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर छात्राओं एवं महिलाओं को महिला सुरक्षा



हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव एवं महिला अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिला बीट अधिकारियों ने संवादात्मक शैली में महिलाओं की समस्याएं सुनीं और आत्मरक्षा के उपायों की जानकारी दी। सम्मेलन का महिलाओं पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। उपस्थित महिलाओं ने बताया कि इस मंच के माध्यम से उन्हें घरेलू हिंसा एवं पारिवारिक विवादों पर खुलकर बात करने का अवसर मिला, जिससे उनका आत्मविष्वास बढ़ा। महिलाओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से पुलिस के प्रति विष्वास मजबूत हुआ है और वे स्वयं को पहले से अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की मांग की।

# दस किलो से अधिक गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

## - मलवां पुलिस ने की कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में अवैध मादक



पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मलवां पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने दो शातिर अभियुक्तों को गिरतार कर उनके कब्जे से 10 किलो 420 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया है। बीती पांच फरवरी को रात्रि मलवां थाना पुलिस टीम द्वारा कैची मोड़, ग्राम मदारीपुर खुर्द क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस ने मौके से दो अभियुक्तों को गिरतार किया, जिनके पास से भारी मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ। गिरतार अभियुक्तों की पहचान ध्रुव सिंह पुत्र फूल सिंह उर्फ फुल्लन निवासी वार्ड नंबर 8 मोहल्ला अग्रवाल अधिकांश किशनपुर, विवेक सिंह उर्फ जितेन्द्र सिंह पुत्र राम शिरोमन निवासी खेमकरनपुर थाना किशनपुर के रूप में हुई है। बरामदगी एवं गिरतारी के आधार पर थाना मलवां पर मु0 अ0 सं0 27/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजी.त किया गया। गिरतार अभियुक्तों को 06 फरवरी को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा गया। गिरतार अभियुक्त ध्रुव सिंह के विरुद्ध पूर्व में भी थाना किशनपुर में गंभीर धाराओं में अभियोग पंजी.त पाया गया है, जबकि विवेक सिंह उर्फ जितेन्द्र सिंह का नाम भी वर्तमान एनडीपीएस मामले में दर्ज किया गया है। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राज किशोर, उप निरीक्षक बृजेश कुमार यादव, उप निरीक्षक रितेश कुमार मौर्य, कांस्टेबल सतीश सिंह, कांस्टेबल जयराम, कांस्टेबल विमल, कांस्टेबल रवि शामिल रहे।

# ऑटो व बाइक की भिड़ंत में छह घायल, चार गंभीर

## - 102 एम्बुलेंस ने अस्पताल में कराया भर्ती

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के चखेड़ी गांव की मोड़ के समीप ऑटो व बाइक की ज़ोरदार भिडन्त हो गई। जिसमें छह लोग घायल हो गए, घायलों को इलाज के लिए 102 एंबुलेंस द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उनका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बलुवापुर गांव निवासी श्याम लाल का 40 वर्षीय पुत्र विजय शंकर अपनी 35 वर्षीय पत्नी रूबी देवी, 8 वर्षीय पुत्र राज और 6 वर्षीय पुत्री लाडो को बाइक पर सवार कर घर से किसी काम से निकला था। जब उसकी बाइक मलवा थानां क्षेत्र के चखेड़ी गाँव की मोड़ के समीप पहुंची तभी कोतवाली क्षेत्र के आलियामऊ गांव निवासी स्व. शिव बहादुर का 38 वर्षीय पुत्र राहुल ऑटो चलाता हुआ आ गया। तभी बाइक और ऑटो की ज़ोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक चालक विजय शंकर उसकी पत्नी रूबी देवी पुत्र राज और पुत्री लाडो सहित चार लोग घायल हो गए। वही ऑटो चालक राहुल व ऑटो पर सवार कोतवाली क्षेत्र के उमर गहना गाँव निवासी स्व. बंसी लाल का 50 वर्षीय पुत्र रमेश चंद सहित कुल छह लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स की ईएमटी उर्मिला व पायलेट शैलेन्द्र कुमार ने बाकी घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर सभी का इलाज कर रहे है।

# कार की टक्कर से घायल टीजी-2 की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र में एक अज्ञात कार की टक्कर से दुर्गागंज विद्युत उपकेंद्र में तैनात टीजी–2 जूनियर इंजीनियर विकास कुमार यादव की मृत्यु हो गई। यह घटना 4 फरवरी को प्रयागराज–कानपुर नेशनल हाईवे पर हुई थी। गंभीर रूप से घायल विकास यादव को कानपुर के एलएलआर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां 48 घंटे बाद 6 फरवरी को उनका निधन हो गया। विकास कुमार यादव 35 वर्ष मूल रूप से जौनपुर जिले के कोठारी गांव के निवासी थे। वे अपनी बाइक से विभागीय कार्य के लिए आशापुर जा रहे थे। दुर्गागंज विद्युत उपकेंद्र के समीप प्रयागराज की ओर से आ रही एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे विकास गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना पर दुर्गागंज पावर हाउस के स्टाफ ने उन्हें औंग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए कानपुर के एलएलआर हॉस्पिटल रेफर किया था। इजाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# अलग-अलग सड़क हादसों में आधा दर्जन से अधिक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के हरदों गांव निवासी सियंवर का 32 वर्षीय पुत्र राहुल अपने मित्र निशान पुत्र पप्पू 27 वर्ष निवासी चौड़ाखेर के साथ बाइक से शहर आ रहा था। बताते हैं कि जैसे ही ये लोग थरियांव थाना क्षेत्र के बहिलापुर के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। इसी प्रकार शहर क्षेत्र के मुराइनटोला निवासी विमल चौधरी का 40 वर्षीय पुत्र रोहित चौधरी ई–रिक्शा में बैठा था। नऊवाबाग के समीप अनियंत्रित होकर पलट जाने से वह घायल हो गया। इसी प्रकार शहर के तुराबअली का पुरवा मुहल्ला निवासी पुत्तन चौधरी का 31 वर्षीय पुत्र सुनील ई–रिक्शा में बैठकर रिश्तेदारी में जा रहा था। तभी लखनऊ बाईपास के समीप पलट जाने से घायल हो गया। इसी तरह सदर कोतवाली क्षेत्र के मिट्ठनपुर गांव निवासी शिवबाबू लाल का 25 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार बाइक से शहर आ रहा था तभी एकारी व बिलंदा के समीप चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। उधर थरियांव थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव निवासी स्व0 बाबूलाल का 35 वर्षीय पुत्र बबलू गुरूवार की शाम बाइक से शहर से गांव जा रहा था तभी बिलंदा के समीप चार पहिया वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के कोडिया गांव में परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया। जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के कोडिया गांव निवासी दिनेश की 19 वर्षीय पुत्री काजल को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया। परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। कुछ समय पश्चात जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को जानकारी हुई तुरंत परिजन उसको इलाज के लिए खागा कस्बे में किसी प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब मोहल्ले में ई–रिक्शे की टक्कर से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरन्त मौके पर पहुंचकर घायल अवस्था मे उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरी खेलदार मोहल्ला निवासी शमशाद अली का 19 वर्षीय पुत्र आमीर हमज़ा बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए निकला था। जब उसकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब मोहल्ले में पहुंची। तभी ई–रिक्शे ने उसकी बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक युवक रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और अपने प्राइवेट वाहन से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। वही जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे थे। तभी परिजन उसको शहर के किसी प्राइवेट हॉस्पिटल इलाज कराने लेकर चले गए।

# मेगा शिविर के प्रचार-प्रसार हेतु वाहन रवाना

## – जिला जज ने दिखाई हरी झण्डी



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव (पूर्ण कालिक) ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जारी निर्देशानुसार मेगा शिविर का आयोजन आगामी 22 फरवरी को होगा। जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष द्वारा मेगा शिविर/बृहद सेवा शिविर के वृहद प्रचार–प्रसार हेतु प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर जनपद न्यायालय से रवाना किया। साथ ही जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार शुक्रवार को प्री मेगा शिविर का आयोजन सरदार बल्लभ भाई पटेल प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम में सचिव के अलावा जिला प्रोबेशन कार्यालय, जिला चिकित्सा विभाग, पशुपालन विभाग, जिला दिव्यांग कल्याण विभाग, रेशम विभाग, जिला खाद्य एवं रसद विभाग, खनन विभाग, राजस्व विभाग, राज्य पिछडा वर्ग, जिला उद्योग केन्द्र, मत्स्य विभाग सहायक श्रम आयुक्त श्रम विभाग, नगर पालिका परिसद फतेहपुर, एवं वन स्टाप सेन्टर विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विभागों द्वारा लाभार्थियों को चिन्हांकन कर उनका पोर्टल पर रजिस्टर्ड किया गया। जिससे लाभार्थियों को मेगा शिविर व बृहद सहायता शिविर का आयोजन सफल बनाया जा सके।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )